● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 209, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 11 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अमित फिर बने राजभाषा पर संसदीय समिति के अध्यक्ष 5

टी-20 सीरीज से पहले मैदान पर लौटेंगे सूर्य कुमार 6

## सिंहस्थ के कार्यों की निरंतर होगी समीक्षा : डॉ. यादव

### उज्जैन के साथ ही पूरे प्रदेश और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है सिंहस्थ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रति 12 वर्ष में उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ प्रदेश के साथ ही राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। पूरे विश्व में इसकी गूंज होती है। सिंहस्थ के लिए राज्य सरकार तैयारियां प्रारंभ कर चुकी है। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए अनेक नए निर्माण कार्य भी होंगे। वर्तमान सुविधाओं का उन्नयन भी किया जाएगा और उज्जैन में ठहरने, भोजन व्यवस्था और यातायात की दृष्टि से कई व्यवस्थाएं की जाएंगी। इन सभी कार्यों को शासकीय विभाग और अन्य उपक्रम तालमेल के साथ पूर्ण करने के लिए जुट जाएं। सड़क और रेल परिवहन सुविधाओं के विकास के साथ हवाई यातायात को भी प्राथमिकता देते हुए इसे दीर्घकालिक योजना में जोड़ा जाए। बैठक में इंदौर- उज्जैन मार्ग को सिक्स लेन बनाने, इंदौर- उज्जैन वैकल्पिक फोर लेन मार्ग (दूरी 49 किमी) सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में चर्चा हुई।



मुख्यमंत्री डॉ. .यादव आज मंत्रालय में सिंहस्थ 2028 के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंहस्थ से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए की जा रही तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जाएगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भी उपस्थित थीं। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ अधो-संरचना 2028 कार्य योजना, पड़ाव क्षेत्र में टीपीएस के माध्यम से विकास, पार्किंग परिवहन प्रस्ताव और उज्जैन इंदौर मेट्रो परियोजना पर विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ सिर्फ उज्जैन का नहीं है। यह उज्जैन और इंदौर दोनों संभागों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश का प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन है। श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में आगमन से अर्थ व्यवस्था को भी लाभ मिलता है। प्रदेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन, इंदौर के साथ ही ओंकारेश्वर और महेश्वर जैसे स्थानों पर भी पहुंचते हैं। यहां आने वाले यात्री इस संपूर्ण अंचल का भ्रमण करते हैं। इसके अनुसार ही आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग के स्थान, घाट के जितने नजदीक होंगे उन्हें उतना ही कम से कम पैदल चलना पड़ेगा। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य संस्थाओं के परिसर के मैदान भी पार्किंग के लिये उपयोग में लिए जाएं।

## मणिपुर में राजभवन जा रहे छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प

**इम्फाल।** मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए।



न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने मंगलवार को मणिपुर में 2,000 और सीआरपीएफ जवान भेजने का फैसला किया है।

9 सितंबर को भी स्टूडेंट्स ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट्स दागी थीं। 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।9 सितंबर की रात मैतेई समुदाय की महिलाओं ने ड्रोन हमलों के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। राजभवन और मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया था। प्रशासन ने इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में कर्फ्यू लगा दिया है। राज्य में 15 सितंबर की शाम 3 बजे तक इंटरनेट बैन कर दिया गया है। छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम. सनाथोई चानू ने बताया- हमने डीजीपी, राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है। सीआरपीएफ के पूर्व डीजी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बनी यूनिफाइड कमांड राज्य सरकार को सौंपने की मांग की है। सीआरपीएफ की दो बटालियन और तैनात केंद्र सरकार ने मंगलवार को मणिपुर में 2,000 और सीआरपीएफ जवान भेजने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, ये जवान दो नई बटालियनों में आएंगे। एक बटालियन तेलंगाना के वारंगल से और दूसरी झारखंड के लातेहार से मणिपुर भेजी जा रही है।

## राहुल ने बताया आरक्षण कब खत्म होगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने मंगलवार को आरक्षण पर बयान दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। दरअसल, वॉशिंगटन डीसी के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में राहुल से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण कब तक चलेगा? इसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं।

इसके बाद भारत में मायावती ने उनके बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा, राहुल के नाटक से सतर्क रहें, वे आरक्षण को खत्म करने की साजिश में जुटे हैं।



अमेरिका में दिए राहुल के एक और बयान पर विरोधियों ने उनकी निंदा की है। राहुल ने कहा था, भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

इस पर भाजपा नेता हरदीप सिंह पुरी ने कहा, सिखों को भारत में तभी डर लगा था जब राहुल का परिवार सत्ता में था। मैं 6 दशकों से पगड़ी पहन रहा हूं। वहीं, बीजेपी के प्रवक्ता आरपी सिंह ने सिखों पर दिए बयान पर राहुल को कोर्ट में घसीटने की बात कही है। कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब सही समय होगा। जब आप वित्तीय आंकड़ों को देखते हैं, तो आदिवासियों को 100 रुपए में से 10 पैसे मिलते हैं, दलितों को 100 रुपए में से 5 रुपए मिलते हैं और ओबीसी को भी लगभग इतनी ही रकम मिलती है।

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, 5 तीर्थयात्रियों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग में केदारनाथ जाने वाले रास्ते पर सोमवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। मलबे में दबकर 5 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हैं। स्टक्क्त ने मंगलवार सुबह मलबे से शव निकाले। मरने वालों में एक तीर्थयात्री नेपाल, 3 मध्य प्रदेश और 1 गुजरात का है। इनकी पहचान मध्य प्रदेश के धार के रहने वाले गोपाल (50), दुर्गाबाई खापर (50), समनबाई (50), गुजरात के सूरत निवासी भारत भाई निरालाल (52) और नेपाल के धनवा निवासी तितली देवी मंडल (70) के तौर पर हुई है।

## कांग्रेस के किसान न्याय यात्रा को लेकर प्रदेश में घमासान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में युवा बेरोजगारों के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस किसानों की परेशानियों को लेकर किसान न्याय यात्रा निकल रही है जिसे लेकर प्रदेश भर में सियासी घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा को कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने किसानों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के किसान खुशहाल है। किसानों को कोई परेशानी नहीं है। कांग्रेस जबरन मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। आजादी के बाद 50 साल तक केंद्र और राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही है आखिर उन्होंने किसानों के सम्मान के लिए क्या किया कांग्रेस के नेता यह बताएं। किसान न्याय यात्रा से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की दूरी पर कृषि मंत्री कंसाना ने कहा कि जीतू पटवारी अपने पार्टी के बुजुर्ग नेताओं का अपमान कर रहे हैं, तो किसानों के साथ न्याय कैसे कर सकते हैं। जीतू पटवारी कांग्रेस में थर्ड फ्रंट बनाकर नेता बनना चाहते हैं लेकिन यह संभव नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा महाराष्ट्र में सोयाबीन फसल का एमएसपी बढ़ाए जाने के बयान पर कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने सोयाबीन की एसपी बढ़ाने की बात कही है तो वह पूरे देश में लागू होगी। कंसाना ने कहा कि जीतू पटवारी कांग्रेस में थर्ड फ्रंट बनाकर नेता बनना चाहते हैं, लेकिन यह संभव नहीं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मंगलवार से किसान न्याय यात्रा प्रारंभ किया है। शुरुआत के लिए उसी मंदसौर शहर को चुना गया है, जहां पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान सरकार के समय 6 जून 2017 को उग्र प्रदर्शन कर रहे किसानों में से पांच की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी।

## कांग्रेस ने संसद की 6 स्टैंडिंग कमेटियों की अध्यक्षता मांगी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी का अभी तक बंटवारा नहीं हुआ है। कुल 24 डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री कमेटी (लोकसभा-राज्यसभा) हैं। इन कमेटी में सांसदों को उनकी पार्टी को मिली सीटों के आधार पर शामिल किया जाता है। कांग्रेस ने इस बार 6 स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्षता की मांग की है। सरकार 4 देने को राजी है। इसमें डिफेंस और फाइनेंस कमेटी शामिल है।

## भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति को लिखा-पत्र, केजरीवाल सरकार बर्खास्त करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीजेपी विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेटर लिखकर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। इस चिट्ठी को राष्ट्रपति कार्यालय ने गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। लेटर में लिखा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में सरकार से जुड़े कई काम अटके हुए हैं। फाइलों पर साइन नहीं हो पा रहे हैं।

इस लेटर में विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता समेत 7 अन्य विधायकों के अलावा एक पूर्व विधायक के साइन हैं।

केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका 2 बार खारिज मार्च में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। वह जेल से ही सरकार चला रहे हैं। हालांकि, इस बीच केजरीवाल को सीएम पद से हटाने का मामला दो बार कोर्ट भी पहुंचा। दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को याचिका खारिज करते हुए कहा था- ये कार्यपालिका का मसला है। एसीजे मनमोहन ने कहा था, इस याचिका पर हमें सुनवाई नहीं करना चाहिए। कार्यपालिका को यह मामला देखना चाहिए।

## नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाली मौतों की संख्या के मामले में भारत सबसे आगे है। हालांकि हाल के वर्षों में भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग तेजी से बढ़ा है, नितिन गडकरी ने फिर भी उन उपायों की ओर इशारा किया है जो मोटर चालकों और पैदल चलने वालों दोनों के लिए सड़कों को सुरक्षित बना सकते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली में सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए सभी हितधारकों से दुर्घटनाओं की संख्या कम करने की कोशिशों पर भी ध्यान केंद्रित करने की अपील की।



गडकरी ने देश में सभी के लिए सुरक्षित सड़कें बनाने की जरूरत पर बार-बार जोर दिया है। मंगलवार को, उन्होंने निर्माताओं से ड्राइविंग स्कूल स्थापित करने का भी आग्रह किया। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वाहन चलाने वाले स्थानीय रूल और रेगुलेशन (नियमों और विनियमों) से अवगत हों, साथ ही वाहन चलाने या चलाने में कुशल हों।

उन्होंने इन आंकड़ों को कम करने में योगदान करने के लिए ओईएम से आग्रह करने से पहले बताया, हमारे देश में हर घंटे लगभग 53 दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं। जरा सोचिए। 45 फीसदी दुर्घटनाएं टू-व्हीलर की वजह से, 20 फीसदी पैदल चलने वालों की वजह से होती हैं। मैं आप सभी से वास्तव में ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूल शुरू करने में रुचि लेने का अनुरोध करता हूं। तब हम अच्छे ड्राइवरों को प्रशिक्षित कर सकते हैं और यह वास्तव में एक सकारात्मक समाधान हो सकता है।

गडकरी ने कहा कि उनके विभाग ने खराब सड़क निर्माण और साइनेज पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने वाहनों की सुरक्षा की जरूरत को रेखांकित किया और भारत एनसीएपी के महत्व पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा, भारत एनसीएपी ग्राहकों के लिए सुरक्षित वाहन रखने के लिए निर्माताओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करेगा।

## आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर्स ने नहीं माना सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**कोलकाता।** चिकित्सक दुष्कर्म और हत्या मामले में आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर्स ने शाम 5 बजे तक ड्यूटी पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं माना है। उनका कहना है कि मांगें पूरी होने तक डॉक्टर्स काम पर नहीं लौटेंगे। इससे पहले सोमवार को शीर्ष अदालत ने प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टर्स को मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि काम पर लौटने पर उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी। दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट में यह आश्वासन दिया था कि काम पर लौटने पर प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई या तबादले नहीं किए जाएंगे।

आंदोलनकारी डॉक्टर्स में से एक ने कहा कि हमारी मांगें पूरी नहीं होने पर हम काम बंद करना जारी रखेंगे। हमने राज्य सरकार से कोलकाता पुलिस आयुक्त, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा के निदेशक को शाम 5 बजे तक हटाने के लिए कहा था। हम चर्चा के लिए तैयार हैं।

## विकसित मध्यप्रदेश की ओर एक और कदम : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र में स्थित रीवा एयरपोर्ट को डीजीसीए का लाइसेंस प्राप्त हुआ है, जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के ध्येय अंतर्गत रीवा एयरपोर्ट, विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जहां से यात्री उड़ानों के साथ ही मालवाहक उड़ानों के परिचालन शुरू करने का डीजीसीए से आधिकारिक लाइसेंस मिल गया है। इस एयरपोर्ट से रीवा के विभिन्न सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे क्षेत्र में व्यापार, रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में भी विस्तार होगा।

## यूक्रेन का रूस पर 144 ड्रोन से हमला

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को रूस पर 144 ड्रोन से हमला किया है। हमले में कई रिहायशी इमारतों को भी निशाना बनाया गया है। न्यूज एजेंस रॉयटर्स के मुताबिक रूस की राजधानी मॉस्को के आस-पास करीब 20 ड्रोन मार गिराए गए। इस हमले में एक महिला की मौत भी हो गई है।

हमले में दर्जनों घर नष्ट हो गए हैं। इस हमले के चलते मॉस्को और उसके आसपास के एयरपोर्ट्स से 50 से ज्यादा उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक मॉस्को के 4 में से 3 एयरपोर्ट्स को 6 घंटे से ज्यादा समय तक बंद रहना पड़ा।

रूस ने अन्य 8 प्रांतों में 124 ड्रोन भी मार गिराए हैं। वहीं इस हमले का पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर 46 ड्रोन से हमला किया है। हालांकि यूक्रेन के मुताबिक उसने इनमें से 38 ड्रोन मार गिराया। 10 दिन पहले 150 से ज्यादा ड्रोन दागे थे इससे पहले यूक्रेन ने 31 अगस्त को रूस पर 150 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया था। ढाई साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग में पहली बार यूक्रेन ने रूस के खिलाफ इतनी ज्यादा संख्या में ड्रोन से हमला किया था । यूक्रेन ने तब भी राजधानी मॉस्को को निशाना बनया था। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक शहर पर 11 ड्रोन से हमला किया गया था। इन हमलों में एक ऑयल रिफाइनरी और एक टेक्निकल रूम को निशाना बनाया गया। ऑयल रिफाइनरी पर हुए हमले के बाद उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद गहरा धुआं उठता नजर आया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेन ने 15 प्रांतों में 158 ड्रोन से हमला किया था। उन्होंने कहा कि रूसी एयर डिफेंस ने लगभग सभी ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया था।

## अतिथि शिक्षकों का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प में कई घायल

**भोपाल।** प्रदेशभर के अतिथि शिक्षक मंगलवार को भोपाल के आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए और पात्रता परीक्षा के जरिए नियमितीकरण, नए सिरे से अनुबंध के आधार पर नियुक्ति समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यहां से प्रदर्शनकारी आंबेडकर पार्क से तिरंगा यात्रा निकालते हुए सीएम हाउस पहुंचकर घेराव करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों से पुलिस की झड़प भी हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठियों से उन्हें पीछे धकेला। इससे कुछ प्रदर्शनकारी अतिथि शिक्षक गिरकर घायल हो गए। अतिथियों के प्रदर्शन को समर्थन करने के लिए मध्यप्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी पहुंचे और उनका समर्थन किया। इस दौरान संघार ने एमपी सरकार को जम कर घेरा।



गौरतलब है कि लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी विगत दो माह में अतिथि शिक्षक भर्ती की विसंगतियां दूर नहीं कर पाए। नौ बार अतिथि शिक्षक भर्ती का आदेश निकालकर तारीख में वृद्धि की गई है।अनुभवी अतिथि शिक्षकों को स्कोर कार्ड में मात्र पांच वर्षों के बीस अंक जोड़ने और पात्रता परीक्षा के 30 अंक जोड़ने से हजारों अतिथि शिक्षक मेरिट से बाहर हो गए हैं। स्कोर कार्ड में सेवाकाल के अनुसार अंक जोड़ना चाहिए।

अतिथि शिक्षक के प्रांताध्यक्ष सुनील सिंह परिहार का कहना है बीते साल 2 सितंबर को आयोजित अतिथि शिक्षक पंचायत में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षकों के हित में कई घोषणाएं की थीं, जो अब तक पूरी नहीं हुईं। इससे प्रदेशभर के हजारों अतिथि शिक्षक नाराज और अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। हमारी सरकार से मांग है कि अनुभव के आधार पर नीति बनाकर अतिथि शिक्षको को 12 माह का सेवाकाल एवं पद स्थायित्व कर भविष्य सुरक्षित करें।

**अतिथि शिक्षकों की यह है प्रमुख मांगे**

गुरुजियों की भांति अलग से विभागीय पात्रता परीक्षा लेकर भविष्य सुरक्षित करें। अतिथि शिक्षक भर्ती मे वार्षिक अनुबंध सत्र 2024-25 से लागू करें। अनुभव के आधार पर नीति बनाकर अतिथि शिक्षको को 12 माह का सेवाकाल एवं पद स्थायित्व कर भविष्य सुरक्षित किया जाए। अतिथि शिक्षक स्कोरकार्ड में प्रत्येक सत्र अनुभव के 10 अंक अधिकतम 100 अंक सभी वर्गों मे एकसमान अंक दर्ज किए जाएं। 30% से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों से अतिथि शिक्षकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इन्हें एक और अवसर दिया जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान सालों मुख्यमंत्री रहें, जीतने के लिए अतिथि शिक्षकों को झूठा आश्वासन देकर वोट ले लिया। सरकार हजारों करोड़ों रुपए बैनर-पोस्टर और विज्ञापन पर बर्बाद करती है पर अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं देती। उन्होने कहा कि जारों अतिथि शिक्षकों के इस हुजूम से सरकार का कोई प्रतिनिधि नहीं मिला। छ्त्र तो छोड़िए, न तो शिक्षा मंत्री उनकी बात सुनने आए और न कोई अधिकारी आया। जब बीजेपी को इन अतिथि शिक्षकों के वोट चाहिए थे, तो शिवराज सरकार ने इनकी पंचायत बुलाकर झूठे वादे तक कर लिए। जब वादे पूरे करने की बात आई, तो सबके मुंह पर ताले लग गए!

# शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ : विश्वामित्र पाठक

## सिहावल विधायक ने की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा



**सिंगरौली।** मंगलवार को विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक की अध्यक्षता में विकास एवं निर्माण कार्यों की खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक उप खंड सभागार देवसर में आयोजित हुई। विधायक ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी एवं निष्पक्ष क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान खराब ट्रांसफार्मर को 48 घंटे के अंदर बदलने, खराब केबिल बदलने एवं छूटे हुए टोले मजरों में विद्युतीकरण लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। पीएचई विभाग द्वारा किए जा रहे नलजल योजना के गुणवत्ता विहीन एवं अधूरे कार्य को हैंड ओवर करने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य पूरा होने पर ही हैंड ओवर करने के लिए निर्देशित किया। निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बटवारा, नक्सा तरमीन सहित राजस्व महाअभियान में शामिल सभी योजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के लिए निर्देशित किया। पंचायत ग्रामीण विकास की समीक्षा कर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा। शासन द्वारा गरीब एवं वंचित वर्गों के विकास के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए जिससे पात्र हितग्राहियों को सरलता एवम सहजता से योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि की किस्त समय से पहुंच जाए साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य हितग्राहियों का समय से आवास बन जाए, छूटे हुए हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, खण्ड स्तर में लाडली बहना आवास योजना अंतर्गत आए आवेदनों का सत्यापन कर लें तथा संबल व कर्मकार योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ समय से मिले उन्हें अनावश्यक कहीं इधर उधर भटकना ना पड़े। समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्माण, विकासीय एवम हितग्राही मूलक योजनाओं की समस्त जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया जिससे योजनायो की जानकारी सभी को हो तथा पारदर्शिता बनी रहे द्य समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अखिलेश सिंह एसडीएम देवसर संजीव तिवारी सीईओ देवसर, श्री सोनवानी एसडीओ वन, बीके श्रीवास्तव एलडीएम सीधी सहित खंड स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ 370 ग्राम गांजा के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश में अवैध मादक पदार्थ के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह परिहार की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी खुटार सुधाकर सिंह परिहार द्वारा अवैध नशा कारोबारी पर कार्यवाही कर 370 ग्राम गांजा कुल कीमत 3700 का जप्त किया गया। जानकारी मे बताया गया कि बीते 9 सितंबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक महिला ग्राम खुटार बाजार अपने घर में अवैध गांजा बिक्री कर रही है की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर दबिश दी गयी जो खुटार बाजार में अपने घर में एक महिला उपस्थित मिली आरोपिया की तलाशी महिला पुलिस के द्वारा ली गयी जो आरोपी के कमरे के पास खुसी हुयी सफेद रंग की प्लास्टिक की पन्नी के अन्दर अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया जो संदेही ने करीब 370 ग्राम (तीन सौ सत्तर ग्राम) गांजा होना पाया गया। जिससे अपराध क्र. 0168 धारा 8/20 बी एनडीपीएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही मे उनि सुधाकर सिंह, सउनि विश्वनाथ रावत, सउनि राजेश मिश्रा, मप्र आर. शकुन्तला यादव, आर. गौरव यादव, आर. विनोद शाक्य, आर. प्रदीप राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सिंगरौली साइबर पुलिस टीम ने साइबर फ्रॉड में पीड़ित की धनराशि कराई वापस

## ठग ने ऑनलाईन शॉपिंग के नाम पर उडाए थे 1 लाख 34 रुपये

**सिंगरौली।** ऑनलाईन साइबर फ्रॉड प्रकरण में फरियादी के करीब 1,34,656 रुपये का ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर फ्रॉड किया गया था। साइबर टीम ने 1,34,656 रूपये की राशि पर होल्ड लगाया गया था। होल्ड की गई राशि फरियादी को 1,34,656 रुपये की फ्रॉड हुई धनराशि को माननीय न्यायालय ने पुन: फरियादी के बैंक अकाउंट में लौटाने हेतु सुपुर्दगी संबंधी आदेश जारी किया गया था। सिंगरौली पुलिस की साइबर सेल टीम द्वारा उक्त मामलो में त्वरित संज्ञान लेकर फ्रॉड हुए ट्रांजेक्शन को होल्ड करवाते हुए धनराशि को फ्रीज कराया गया, जिसके बाद साइबर सेल की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर माननीय न्यायालय ने धनराशि को पीड़ित को सुपुर्दगी पर दिये जाने का आदेश जारी किया। फरियादी के खाते में धनराशि वापस कि गई। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता ?द्वारा जिलेवासियों के साथ लगातार घटित हो रहे साइबर फ्रॉड के प्रकरणो को गंभीरता से लेते हुये साइबर फ्रॉड से जुड़े प्रत्येक प्रकरण पर फोकस किया जा रहा है। सिंगरौली पुलिस द्वारा लगातार जिलेवासियो को साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु गाइडलाइन जारी कर जागरूक किया जा रहा है। सिंगरौली पुलिस व सायबर सेल द्वारा प्रत्येक साइबर फ्रॉड प्रकरण को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही कर फ्रॉड गई राशि को होल्ड करवाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में फरियादी सच्चिदानंद तिवारी पिता रामकुमार तिवारी थाना बैढ़न जिला सिंगरौली ने साइबर सेल जिला सिंगरौली में लिखित एवं ऑनलाईन पोर्टल पर शिकायत की थी कि उनके ?द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर 1,34,656 रुपए ठग लिये गये थे।

सायबर फाड के प्रकरणो को संज्ञान में लेते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता ने सायबर सेल टीम को सायबर फाड के प्रकरणों में कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। साइबर सेल टीम ने उक्त प्रकरण की जांच कर यह पाया कि आनलाईन शापिंग के नाम पर फरियादी से ली गई राशि पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध खाते को फ्रिज करवाया गया एवं बैंक से संपर्क स्थापित कर खातों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार साइबर सेल की विस्तृत रिपोर्ट के आधार आवेदक को राशि वापस कराई गई।साइबर सेल ने खाते में 1,34,656 रुपए को होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की जिस पर सायबर सेल द्वारा अग्रिम अनुसंधान किया गया एवं फरियादि के खाते में रुपये वापस कराये।उक्त विवेचना में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैढ़न जिला सिंगरौली महेन्द्रपाल सिंह न्यायालय द्वारा उक्त राशि आवेदक को सुपुर्दगी पर दिये जाने एवं संबंधित बैंक को उक्त राशि पुन: फ़रियादी के खाते में वापस करने का आदेश जारी किया था ।उक्त कार्यवाही मे सायबर सेल टीम उप निरीक्षक अमन वर्मा, प्रआर दीपक परस्ते, आर. शोभाल वर्मा, राहुल कुशरो, नंदकिशोर रुहेला आर. विकास तोमर थाना बैढ़न की सराहनीय भूमिका रही।

# एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर नृत्य प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बीते 7 सितंबर से 16 सितंबर तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते 9 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुजा समिति द्वारा बाल वर्ग कक्षा 3 तक के बच्चों हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न परिधानों में सज-संवरकर अपनी-अपनी कला को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को तालियाँ बजने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, अन्य महाप्रबंधकगण, पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# कलेक्टर ने की 174 आवेदन पत्रो पर जनसुनवाई

## जन सुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रो का त्वारित निराकरण करे विभागीय अधिकारीः शुक्ला



**सिंगरौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आएं हुये 174 व्यक्तियों के द्वारा अपनी समस्याओं से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को अवगत कराते हुये अपना आवेदन पत्र दिया गया। जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुये कई आवेदनो का निराकरण जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कराया गया। वही जन सुनवाई के दौरान विद्युत प्रवाह के सम्पर्क में आने से ग्राम गड़ेरिया निवासी रामकेत बसोर पिता लालबहादुर बसोर के द्वारा अपने ईलाज हेतु निवेदन किया गया। एवं बताया गया कि मेरे द्वारा आयुष्मान कार्ड के आधार पर अपना ईलाज करा रहा है अभी उक्त प्रावधान के तहत शेष राशि बची हुई उसी राशि में आगे भी मेरा ईलाज कराया जाये। कलेक्टर ने जन सुनवाई में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि आवेदक के आवेदन का परीक्षण कर ईलाज की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही ऐसे आवेदन पत्र जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही कराया जा सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिया गया कि समय सीमा में आवेदन पत्रो का निराकरण सुनिश्चित किया जाये।कलेक्टर ने निर्देश देते हुये कहा कि विभागीय अधिकारी जन सुनवाई मे प्राप्त आवेदन पत्रो का तत्परता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि संबंधित आवेदनकर्ता के समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित हो सके। जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा,संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला एवं उपखण्ड स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**सिंगरौली।** जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार खरीफ विपण वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य धान, ज्वार, एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान भाई 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते है। धान, ज्वार एवं बाजारा उपार्जन के समस्त पंजीयन प्रक्रिया पर्यवेक्षण स्कंध की गुणवत्ता नीति के आने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा की जायेगी।उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन एवं समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन संबंधित समस्त विवादो का अंतिम निराकरण समिति द्वारा किया जायेगा। साथ ही समिति उपार्जित स्कंध के गुणवत्ता की निगरानी करेगी। उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

किसान स्वंय के मोबाईल,से घर बैठे एमपी किसान एप के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है।तथा पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर भी की गई है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कि गई जनसुनवाई, प्रत्येक फरियादी की सुनी समस्या



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते, उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रियंका शर्मा, उप निरीक्षक सुश्री रुपा अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला अधिकारी- कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# एम्बुलेश चालक एवं ईएमटी पर हुई कार्यवाही

**सिंगरौली।** 6 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई से जिला चिकित्साल हेतु मरीज को एम्बुलेश के माध्यम से रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में एम्बुलेश चालक द्वारा मरीज से जिला चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए रूपये की मांग की गई। मरीज द्वारा रूपये न देने के कारण जिला चिकित्साल नही पहुंचाया गया। जिसका वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा तत्काल संबंधित चालक और ईएमटी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सीएमएचओ को निर्देश दिये गये थे। वही कलेक्टर के द्वारा इस आशय के भी निर्देश दिये गये थे कि एम्बुलेश में मरीजो के आने जाने के लिए नि:शुल्क व्यवस्था रहती है। इस आशय का आम जन मानस के बीच व्यापाक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाये।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**सिंगरौली।** आने वाले त्योहारों को मद्देनजर रखते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में 11 सितम्बर को दोहपर 12 बजे से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित होगी। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों के साथ जिला स्तरीय अधिकारी के उपस्थिति मे बैठक आयोजित होगी।

# नेशनल सीपी एथलिटिक चैम्पियनशिप में चयनित दिव्यांग को कलेक्टर ने दी आर्थिक सहायता राशि



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नेशनल सीपी एथलिटिक चैम्पियनशिप में चयनित दिव्यांग को रेडक्रास सोसायटी से गुजरात में आयोजित होने वाले गेम्स आयोजन के लिए आने जाने हेतु दिव्यांग प्रदीप कुमार साकेत को रूपयें 5 हजार का चेक प्रदान किया गया।

विदित हो कि कलेक्टर की जन सुनवाई के दौरान नवजीवन विहार निवासी प्रदीप कुमार साकेत जो महाविद्यालय का छात्र है जिसका चयन 100 मीटर रेस के लिए नेशनल पैरा एथलेटिक्स गुजरात के लिए किया गया है। संबंधित छात्र के द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया कि मेरे आर्थिक स्थिति सही नही है मै दिव्यांग भी हू मुझे गेम्स में भाग लेने हेतु गुजरात आने जाने के लिए सहायता राशि प्रदान किया जाये। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन को गंभीरता से लेते हुये हर्ष व्यक्त किये कि हमारे जिले का दिव्यांग छात्र उक्त गेम के लिए चयनित हुआ है ये हर्ष की बात है। जन सुनवाई में ही रेडक्रास के माध्यम से 5 हजार रूपयें का आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर अपनी सुभकामाना दी।चयनित दिव्यांग छात्र प्रदीप कुमार साकेत पूर्व में प्रदेश स्तरीय पैरा एथलेटिक प्रतियोगिता 2024 भोपाल में आयोजित हुई थी। जिसमें अंडर 23 आयु वर्ग में 100 दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुका है।

# अमलोरी परियोजना में सिक्कल कंपनी ने किया करोड़ों रुपए का टैक्स स्कैम!

## प्रबंधन, सेफ्टी विभाग और आरटीओं की मिली भगत से सरकार को लगाया चूना,तीन साल में करोड़ों रुपए टैक्स की चोरीअब लीपापोती में जुटा पूरा सिस्टम



**सिंगरौली।** एनसीएल अमलोरी परियोजना में कार्यरत सिक्कल कम्पनी ने सेफ्टी, सीआईएसफ और परिवहन विभाग के साथ मिलकर करोड़ों रुपए के टैक्स चोरी की कवायत तेज कर दीं हैं।सिक्कल कम्पनी अब तक सरकार को एक करोड़ का चूना लगा चुकी है जबकि 5 करोड़ का चूना लगाने की तैयारी कर रहा है। चर्चा है कि कंपनी ने उड़ीसा की वोल्वो टिपर लाकर बिना राज्य सरकार को टैक्स दिए करीब 3 साल से काम कर रही हैं। यह टैक्स स्कैम 6 करोड़ से अधिक का बताया जा रहा है।

बता दें कि मशीनरी और वोल्वो वाहनों को कबाड़ में बेचने के पहले एनसीएल प्रबंधन या फिर सेफ्टी से जुड़े जिम्मेदारों ने वाहनों के टैक्स को चेक कराने के लिए परिवहन अधिकारी को यदि कभी पत्राचार किया होता तो शायद एमपी सरकार को इतना नुकसान नहीं उठाना पड़ता। हालांकि कंपनी के कर्ताधर्ता धर्ताओं ने अब कुछ गाड़ियों का टैक्स जमा कर सभी गाड़ियों को कबाड़ी को देने में जुटे हैं। सूत्रों की माने तो सिक्कल कंपनी अब फर्जी टैक्स जमा करने की साजिश कर रहा है ताकि कंडम गाड़ियों को कबाड़ी को बेच सके। हैरानी इस बात की है कि इतने बड़े टैक्स चोरी के मामले में आखिर एनसीएल प्रबंधन और सेफ्टी विभाग क्यों हीला हवाली कर रहा था। चर्चा है कि उड़ीसा से लाए वोल्वों टिपर वाहनों का बकाया टैक्स करोड़ों में पहुंच गया हैं। इसलिए कबाड़ी को बेचने में भी जमकर दलाली हुई है।

### 15 करोड़ से अधिक का है कबाड़

बताया जा रहा है कि सिक्कल कम्पनी ने करीब नौ करोड़ पच्चास लाख में 95 नग मशीनरी और वोल्वो टिपर वाहनों को कबाड़ी को बेचा हैं जबकि इसकी कीमत 15 करोड़ से भी अधिक बताया जा रही है। सूत्रों की माने तो सिक्कल कंपनी के माइनिंग हेड आदित्य बघेल और कबाड़ी के बीच में बड़ी डील हो गई है। इस सौदे में आदित्य सिंह को भी करोड़ रुपए मिलने की चर्चा है। शायद इसीलिए उन्होंने 15 करोड़ के स्क्रैप को महज 9 करोड़ 50 लाख रुपए में कबाड़ी को बेच दिया होगा। यदि इस कटिंग डील को ईओडब्ल्यू एजेंसी जांच करेगी तो कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### सेफ्टी विभाग की सबसे बड़ी लापरवाही

सिक्कल कंपनी बिना टैक्स जमा मशीनरी और गाड़ियों से ओबी का खनन और परिवहन कर रही थी तो सवाल यह है कि आखिर सेफ्टी विभाग 3 सालों से क्यों चुप रहा। यदि सेफ्टी विभाग के जिम्मेदारों ने आरटीओ विभाग से पत्राचार कर गाड़ियों की टैक्स जमा होने और फिटनेस का पत्र लिखा होता तो संभवत इतने बड़े टैक्स की चोरी नहीं हो पोती। ईओडब्ल्यू और आरटीओ विभाग यदि ईमानदारी से जांच करेगा तो सिक्कल कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा टैक्स चोरी के घोटाले का खुलासा हो सकता है।

# एल्बेंडाजोल टेबलेट खाते ही बीमार पड़ीं तीन दर्जन स्कूली छात्राएं

## आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पेट दर्द रोंकने के लिए खिलाई गईं थी गोलियां



**सीधी।** शहर के समीपस्थ शासकीय मॉडल स्कूल खजुरी में आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को पेट दर्द से निजात दिलाने के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाया गया। जिससे कि दवा खाते ही तीन दर्जन से ज्यादा छात्राओं के पेट व सीने में दर्द होना शुरू हुआ जिन्हें कि उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। इस दौरान भारी संख्या में छात्राओं के परिजन एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति होने सहित लापरवाही को लेकर नाराजगी भी देखी गई। वहीं अस्पताल में चीख-पुकार भी शुरू हो गया था।

शासन के निर्देशानुसार 10 तारीख को पूरे जिले में अभियान के तहत एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाने के सिलसिले में खजुरी विद्यालय में भी 30 से 35 लड़कियों ने दवा खाई जिसमें कि दवा खाते ही कुछ देर बाद पेट व सीने में दर्द व सांस लेने में दिक्कतें होना शुरू हो गया। इसकी जानकारी कोतवाली में दी गई जहां कि उन्हें अस्पताल में एंबूलेंश के माध्यम से भर्ती कराया गया है। हालांकि जिले के अन्य स्कूलों में इस तरह की शिकायतें नहीं मिली हैं लेकिन खजुरी विद्यालय में ऐसी कौन सी दवा खिला दी गई जिससे तीन दर्जन छात्राओं को अस्पताल पहुंचने की नौबत आई है। मामले में जांच से बड़ा खुलासा हो सकता है। इसमें स्वास्थ्य अमले की लापरवाही मानी जा सकती है। कारण यह कि यह दवा जिला चिकित्सालय से उपलब्ध कराई गई थी। जिसमें कि अस्पताल के डॉक्टर नहीं पहुंचे बल्कि आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा टेबलेट खिलाने का काम किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही नगर निरीक्षण कोतवाली अभिषेक उपाध्यय द्वारा एंबूलेंश को सूचना देकर सभी छात्राओं को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराने के लिए लाया गया। इस संबंध में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी ने बताया कि जितनी छात्राएं यहां उपचार के लिए आई हैं सब खतरे से बाहर हैं। इनका उपचार होने के बाद जल्द स्वस्थ्य हो जाएंगी।

### खुली गोलियां खिलाने की मिल रही शिकायतें

अस्पताल में भर्ती अधिकतर छात्राओं ने बताया कि हमें खुली गोलियां खिलाई गई हैं। जिसमें कि टेबलेट एक्सपायरी डेट था या नहीं यह तो जांच का विषय है लेकिन खुली गोलियां खिलाने की शिकायत मिली है। इस दौरान वहां के प्राचार्य एवं शिक्षक भी मौजूद नहीं थे। जबकि प्राचार्य का दायित्व होता है कि गोलियों की जांच परख कराने के बाद बच्चों को खिलाने की अनुमति दी जाए।

### एसडीएम सहित तमाम प्रशासनिक अमला भी रहे मौजूद

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम नीलेश शर्मा, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी सहित अस्पताल के डॉक्टर एवं सांसद प्रतिनिधि डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ. अनूप मिश्रा सहित अन्य अमले मौजूद थे।

### विद्यालय की यह छात्राएं पहुंची अस्पताल

टेबलेट खाने के बाद सीने व पेट सहित सांस लेने में तकलीफ होने के बाद जिला चिकित्सालय पहुंचने वाली छात्राओं में बबिता तिवारी, प्रिया तिवारी, देवकी सेन, गोलू पाल, रूबी तिवारी, शिवानी तिवारी, तिधी तिवारी, साक्षी तिवारी, भूमि सिंह, सुहानी तिवारी, तनु द्विवेदी, अनुराधा तिवारी, अंजली पाल, अर्चना सोंधिया, दीपिका तिवारी, पूर्णिमा गुप्ता, प्रिया तिवारी सहित अन्य छात्राएं हैं जो कि सभी छात्राएं 9वीं से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं।

### जांच के बाद की जाएगी दोषियों पर कार्यवाही : डीईओ



इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा ने कहा कि शासन स्तर से कीटनाशक दवाई खिलाने का पूरे जिले में अभियान के तहत खजुरी विद्यालय में भी दवा खिलाई गई थी। क्या वजह है कि कई छात्राओं को सीने में दर्द होने के कारण अस्पताल में आना पड़ा यह जांच का विषय है। कहां चूक हुई इसकी विवेचना की जाएगी। एक जवाब में डीईओ ने कहा कि प्राचार्य महेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं शिक्षक वहां क्यों नहीं थे यह जांच करने के बाद ही कुछ कह पाएंगे। उन्होने कहा कि जिले के अन्य विद्यालय में टेबलेट खिलाया गया कहीं शिकायत नहीं मिली यहां कैसे गड़बड़ी हुई जांच कराई जाएगी।

# लाखों की रायल्टी जमा न करने वालों पर गिरेगी कार्यवाही की गाज

## खनिज विभाग द्वारा 9 के खिलाफ दी गई है नोटिस




**सीधी।** खनिज विभाग में लाखों की रायल्टी जमा न करने वालों पर खनिज विभाग अब एक्शन मोड में है। इस मामले में खनिज अधिकारी सीधी द्वारा 9 के खिलाफ पत्र क्रमांक 1290 दिनांक 5 सितंबर को नोटिस जारी कर उल्लेखित किया है कि सीधी जिले के उत्खनिपट्टाधारियों द्वारा मध्य प्रदेश गौण खजिज नियम 1996 के नियम 26, 30, 42 का उल्लंघन किए जाने के मामले में 9 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

जारी नोटिस में जिले के लवकेश सिह पिता अनियार सिंह निवासी ग्राम देवरी तहसील मझौली, भानू प्रताप पाण्डेय पिता इंद्रदत्त निवासी हनुमानगढ तहसील रामपुर नैकिन मे. एकेएस मिनरल्स एण्ड मार्बल पता आजाद वार्ड मंडला जिला मंडला, मे. केबीएस रॉक पता वीर सावरकर नगर इंदौर, नारायण द्विवेदी पिता ठाकुरदास निवासी फुलवारी तहसील बहरी, नागेन्द्र सिंह चौहान पिता इंद्रदेव सिंह निवासी बढ़ौना तहसील चुरहट, मे. मैथिली कंट्रक्शन एण्ड डेवलपर्स प्रो. चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी निवासी विजयपुर तहसील सिहावल, विकास शुक्ला पिता राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी अर्जुन नगर सीधी, विनोद इक्षसह पिता इंद्रबहादुर सिंह निवासी हाटा तहसील हनुमना जिला मऊगंज के खिलाफ नोटिस जारी कर दी गई है। इन सबके खिलाफ करीब 30 से 35 लाख रुपए से ज्यादा की रॉयल्टी जमा न होने की जानकारी मिली है। यदि इस समय पर राशि जमा नहीं करेंगे तो इन पर कार्यवाही की गाज भी गिरने को उम्मीद मानी जा रही है। बताया गया है कि उससे पहले भी राशि जमा करने को लेकर नोटिस जारी की गई थी लेकिन जब समय पर राशि जमा नहीं किए तो इस बार कड़ाई के साथ आदेश जारी करते हुए राशि जमा करने के लिए आदेश जारी किया गया है।

### वैभव इन्फाटेक पर विभाग की मेहरबानी क्यों

यह भी जानकारी मिली है कि खनिज विभाग द्वारा 9 के खिलाफ नोटिस जारी की गई है लेकिन बहरी तहसील अंतर्गत वैभव इन्फ्राटेक की लंबी रकम बकाया है लेकिन इन पर नोटिस नहीं जारी की गई है। आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने बताया कि विभाग की यह नोटिस दो तरह से मानी जा सकती है। जबकि वैभव इन्फ्राटेक द्वारा राशि नहीं जमा की जा रही है फिर भी उन पर कार्यवाही की नोटिस क्यों जारी नहीं की गई।

### माह भर का दिया गया है समय : रॉय

इस संबंध में प्रभारी जिला खनिज अधिकारी एके राय ने बताया कि रॉयल्टी जमा न करने वालों को लेकर नोटिस जारी कर दी गई है जिन्हें कि माह भर का समय दिया गया है। यदि राशि नहीं जमा करते तो उत्खनन पट्टों को निरस्त किया जाएगा। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



**सीधी।** ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में दो वर्षों से अधिक से निरंतर हर माह की दस तारीख को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस श्रृंखला में छब्बीसवां शिविर था। आज के शिविर में सभी आगंतुकों को जलपान करवाया गया। इसके बाद पिछले माह जिन मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था उनका फालोअप चेकप कर नि:शुल्क चस्में वितरित किए गए। फिर चिकित्सकों द्वारा नए मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क आई ड्राप वितरित किए गए। जिन मरीजों को जरूरत थी उन्हें मोतियाबिंद के नि:शुल्क आपरेसन हेतु चित्रकूट रवाना किया गया। शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों को फल और बिस्किट भेंट किए गए। चित्रकूट जाने वाले सभी मरीजों को फल और बिस्किट के साथ भोजन के पैकेट भी भेंट किए गए। इस शिविर के माध्यम से समाज का सर्वाधिक उपेक्षित और जरूरतमंद तपका लाभ पता है। यही ऋषिकेश फाउंडेशन के सेवादारों के प्रयासों की सार्थकता भी है। ऋषिकेश फाउंडेशन परिवार सभी मरीजों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ्य लाभ की कामना करता है।

# अंशुमन राज होंगे जिला पंचायत के नवागत सीईओ



**सीधी।** राज्य शासन द्वारा हाल ही में ही जिला पंचायत सीईओ रहे राहुल धोटे का स्थानांतरण कर दिया गया था। जहां कि अब नरसिंगगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी अंशुमन राज को जिला पंचायत सीधी का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जाहिर है कि जिला पंचायत में भारी फर्जीवाड़ा सहित अन्य मामले की शिकायतें लंबे अर्से से है। अब उनके पदभार लेने के बाद क्या कसावट की जाएगी इसका इंतजार सभी को है।

# जादू टोने के शक में युवक ने महिला से की मारपीट

**सीधी।** जिले के कुसमी आदिवासी अंचल के थाना क्षेत्र कुसमी अंतर्गत अक्सर जादू टोना की शक वस मारपीट की घटना निकलकर आती है। सुनाई देती है लेकिन घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही नही होने पर ऐसे व्यक्ति आयेदिन मारपीट की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं। कुछ ऐसा ही मिलता जुलता मामला सीधी जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के जूरी गांव से निकलकर सामने आई है। जहां जूरी निवासी गुडिया सिंह पति शिवकरण सिंह उम्र 35 वर्ष कुसमी थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 6 सितंबर 2024 को रात करीबन 11 बजे वह घर से बाहर निकली थी तो उसका दूर का रिश्तेदार देवर अजय सिंह पिता मान सिंह उसके घर के बगल में एक व्यक्ति के साथ बैठा था और आपस में बात कर रहे थे। तभी मैं बाहर निकली तो मुझे मां-बहन की गाली देने लगा जो मुझे सुनकर बुरा लगा। तब मैं गाली देने से मना की तो बोलने लगा कि तुम मेरे गाड़ी में जादू टोना लगाती हो अपना जादू-टोना वापस कर लो, यह कहते हुए मेरे घर के बाहर हाथ में डण्डा लिए आया और डंडा से मारपीट करने लगा और उसके साथ में बैठा व्यक्ति जिन्हें मैं नहीं पहचानती हूं वह वहां से चला गया। हल्ला गुहार करने पर मेरी लडकी जिया सिंह व पति शिवकरण सिंह घर से बाहर निकले, वह मुझे मार कर अपने घर जाने लगा, वह बोला कि मैं अपना जादू-टोना वापस नहीं लेती तो जान से खत्म कर देगा। मारपीट करने से महिला के सर एवं बाएं आंख के ऊपर गंभीर चोट लगी है। जिसकी रिपोर्ट कुसमी थाने पर हो चुकी है और पुलिस महिला का मेडिकल कराकर कार्यवाही मे जुट गई है। सवाल यह उठता है कि यदि महिला के सर पर यदि गंभीर चोट लग जाती तो महिला की मृत्यु भी हो सकती थी। ऐसे में कुसमी पुलिस जादू-टोने जैसे गंभीर मामलों पर कैसी कार्यवाही करती है यह अगले अंक मे प्रकाशित किया जायेगा।

# मधुकर प्रसाद पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि



**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत गड़हरा निवासी मधुकर प्रसाद पाण्डेय पिता सुधाकर प्रसाद पाण्डेय को शिक्षाशास्त्र में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। मधुकर प्रसाद पाण्डेय ने शिक्षा शास्त्र में पीएचडी की उपाधि डॉ. पिंकी मलिक के निर्देशन में दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से प्राप्त की। पीएचडी शोध का विषय आरक्षितानारक्षित छात्राणा संस्कृतभाषाम् प्रति रूचे: मूल्य समायोजन शैक्षिकोपलब्धिनाम् तुलनात्मक अध्ययन है। इस उपलब्धि पर गांव एवं क्षेत्र के लोगों नें शुभकामनायें और बधाई दी। गांव का प्रथम बालक है जिन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। मधुकर प्रसाद पाण्डेय को डायरेक्टरेट की डिग्री मिलने पर ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, श्रीमती सीमा पाण्डेय जनपद सदस्य भरतपुर, अरुण शेखर त्रिपाठी जनपद सदस्य शिकारगंज, विनोद चतुर्वेदी, राजेन्द्र सिंह बरगाही, नंद कुमार बैस, दिवाकर प्रसाद पाण्डेय, सुधाकर प्रसाद पाण्डेय, शिवानंद पाण्डेय, नीलम पाण्डेय, नन्हे पाण्डेय, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, बालेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी, प्रबल त्रिपाठी, राजीवलोचल पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अयोध्या सोनी, जमुना प्रसाद जायसवाल, गिरेन्द्र द्विवेदी, राजीवलोचन द्विवेदी, शंकर दयाल गौतम, अरुण शेखर त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला आदि ने बधाई दी है।

# हिंदू जागरण मंच की बैठक संपन्न

**सीधी।** हिंदू जागरण मंच जिला सीधी द्वारा स्थानीय गोपालदास मंदिर में जिला बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रम, संगठन के विस्तार, संगठन की सभी इकाइयों के गठन एवम जिले में चल रहे हिंदुत्व विरोधी, देश विरोधी, सनातन विरोधी गतिविधियों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। उक्त विषयों पर बारी बारी से डॉक्टर वर्षा गौतम, उमा सिंह, रोहित तिवारी, अरुणेंद्र सिंह, संतोष पाठक, वीरेन्द्र गुप्ता, उमा शर्मा, नीलेश शुक्ला, नितिन गुप्ता, डॉक्टर इंद्रबहादुर यादव, नरेंद्र यादव, संतोष विश्वकर्मा, सावित्री पटेल, रिंकी तिवारी ने अपने विचार रखे।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से सुमित जायसवाल, विनोद सोनी, राजेंद्र द्विवेदी, संतोष गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, हरीश अवधिया, धीरज अवधिया, अनूप वर्मा, अजीत परिहार, करुण श्रीवास्तव, बलदेव वर्मा, हेमलता द्विवेदी, गीता तिवारी, सुधा मिश्रा, संध्या नामदेव, रजनी अवधिया, उमा वर्मा, सोनम गुप्ता, अंजली सोनी, विजय भारती सोनी, दीपमाला गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, नेहा खत्री, संगीता कुशवाहा, पूजा सोनी, भावना मिश्रा, स्वेता चौहान, सोनम राजपूत, पूनम गौतम, साक्षी नामदेव, अनुराधा साकेत, गुड़िया केवट मुख्य रूप से उपस्थित रही।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 174 आवेदकों की समस्याएं



**सीधी।** जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 174 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर आवेदकों को तत्काल पावती भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# पोषण माह की गतिविधियों का हुआ आयोजन

**सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया है कि पोषण माह के दौरान गुरूवार को सीधी जिला अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, गांव के सरपंच एवं अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। शासन के निर्देशानुसार जिले अंतर्गत पोषण माह का बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आंगनवाड़ियों में उचित पोषण बच्चों को मिलेगा तभी बच्चे देश को रोशन कर सकेगें। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि उन्हें उचित पोषण एवं शिक्षा देकर आगे बढ़ने के लिये तैयार करें। इसके साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत कानूनी जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

# सीमेंट मजदूर यूनियन एकता सीटू ने मनाया मांग दिवस



**सीधी।** सीमेंट मजदूर यूनियन एकता सीटू ने आज 10 सितंबर 2024 को अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स मझिगवां में मांग दिवस मनाते हुए मांगों का ज्ञापन यूनिट हेड के नाम से सौंपा। अध्यक्ष तेज प्रताप दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद सिंह बघेल, महामंत्री विक्रम इक्षसह के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। सौंपे गए मांगपत्र में कहा गया है कि स्थाई प्रकृति की नौकरियों में ठेका श्रम प्रणाली को समाप्त करें और जब तक यह न हो ठेका श्रम केंद्रीय नियम 1971 की धारा नियम 25 (2)(वी)(ए) के प्रावधानों और 26 अक्टूबर 2016 को सिविल अपील संख्या 213/2013 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जगदीश सिंह खेहर और न्यायमूर्ति एसए बोबडे के अनिवार्य निर्णय के अनुसार समान नौकरियों के लिए समान वेतन निश्चित करें। ठेका श्रमिकों को नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करें, ठेकेदार बदलने पर भी श्रमिकों को नहीं बदला जाएगा। स्थाई और बारहमासी प्रकृति की नौकरियों की आउटसोर्सिंग और ठेकेदारी बंद की जाए। मिनी सीमेंट प्लांट में काम करने वाले श्रमिकों को अनुसूचित रोजगार के रूप में अधिसूचित किया जाए और उनके लिए न्यूनतम वेतन अधिसूचना जारी की जाए। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए सुनिश्चित किया जाए। ई एण्ड पी स्टॉफ को यूटीसीएल का स्टाफ मानते हैं तो अन्य यूटीसीएल के कार्यखानों में मिलने वाली वेतन व सुविधाएं दी जाएं। मैप व अनमैप की भेदभाव पूर्ण अवैधानिक प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। सभी श्रेणी के श्रमिकों को इस वर्ष का बोनस बढ़ाकर दिया जाए, क्योंकि आपके कार्यखाने को चलाते हुए 5 वर्ष के ऊपर हो चुका है और बोनस को लेकर पूर्व में यूनियन श्रम न्यायालय, पीठासीन अधिकारी सीधी के यहां प्रकरण गया था जिसमें आपके प्रतिनिधि द्वारा कहा गया था कि 5 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत हम बढ़ा हुआ बोनस के लिए यूनियन के साथ बैठकर चर्चा करेंगे और देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने कई वाहनों को टक्कर मारी, दो गिरफ्तार



**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने अलग-अलग जगहों पर कई वाहनों को टक्कर मार दी। पुलिस ने चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑडी कार महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे के नाम पर पंजीकृत होने की जानकारी सामने आई है। यह घटना नागपुर के रामदासपेठ इलाके की है। सीताबल्डी थाने में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान चालक अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शराब के नशे की वजह से ये घटना हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच भी कराई है। रिपोर्ट का इंतजार है। ऐसी खबर है कि नेता के बेटे को बचाने के लिए ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीताबल्डी थाने की इंस्पेक्टर अनामिका मिर्झापुरे ने कहा कि यह घटना रात में सेंटर प्वाइंट होटल के सामने हुई है। एक तेज रफ्तार कार दो कार और एक बाइक को टक्कर मारके भाग गई थी। दो आरोपियों अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी मेडिकल जांच कराई गई है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। सीताबल्डी थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ऑडी ने पहले शिकायतकर्ता जितेंद्र सोनकांबले की कार को देर रात एक बजे टक्कर मारी थी। इसके बाद एक मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। हालांकि, यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस पूरे मामले पर को लेकर विपक्ष आक्रामक है। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि कार मेरे बेटे के नाम पर है, घटना की निष्पक्ष जांच की जाए, जो दोषी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### कंगना रनौत ने 32 करोड़ रुपए में बेचा अपना बंगला, बीएमसी का भी चल चुका है बुलडोजर

**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा सांसद और बॉलीवुड एक्टर कंगना रनौत, जो अब अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी से सभी का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इस बीच कंगना ने अब अपना बंगला बेच दिया है, जो बांद्रा के पाली हिल के आलीशान इलाके में स्थित है। जैपकी को मिले संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, बंगला 32 करोड़ रुपए में बेचा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बंगला खरीदने वाली शख्स कमलिनी होल्डिंग्स की पार्टनर श्वेता बथिजा हैं, जो तमिलनाडु के कोयंबटूर में रहती हैं। यह बंगला हैदराबाद की एक कंपनी द्वारा खरीदा गया है। कंगना ने इस बंगले को सितंबर 2017 में 20.7 करोड़ रुपए में खरीदा था और दिसंबर 2022 में आईसीआईसीआई बैंक से इस प्रॉपर्टी के खिलाफ 27 करोड़ रुपए का लोन भी लिया था। वह इस बंगले का इस्तेमाल अपने प्रोडक्शन हाउस, मणिकर्णिका फिल्म्स के ऑफिस के तौर पर कर रही थी। कंगना ने इस बंगले को 8 करोड़ रुपए के घाटे में बेचा है। वीडियो के अनुसार, बंगले की कुल कीमत 40 करोड़ रुपए बताई गई थी, जबकि इसे 32 करोड़ रुपए में बेचा गया। इससे कंगना को 8 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। बंगला 285 स्क्वेयर मीटर में फैला है, जिसमें 3042 स्क्वेयर फीट का बंगला और 500 स्क्वेयर फीट का पार्किंग एरिया शामिल है। साल 2020 में, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने इस बंगले के कुछ हिस्सों को अवैध निर्माण के आधार पर गिरा दिया था। 9 सितंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट के स्टे ऑर्डर पर तोड़फोड़ का काम रोक दिया गया था। कंगना ने बीएमसी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया और मुआवजे के तौर पर 2 करोड़ रुपए की मांग की, लेकिन मई 2023 में उन्होंने यह याचिका वापस ले ली।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला : असम पुलिस ने सुमी बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम पुलिस ने असमिया अभिनेत्री-कोरियोग्राफर सुमी बोरा और उनके पति तारिक बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह करोड़ों रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इससे पहले पुलिस को आशंका थी कि सुमी बोरा और उनके पति मेघालय जाकर छिप गए होंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घोटाले के सरगना बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के तुरंत बाद यह दोनों नेपाल भाग गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, हम आरोपी सुमी बोरा और उसके पति को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। हमारी टीम अलग-अलग जगहों पर फैली हुई है। हमें पूरा भरोसा है कि उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी आश्वासन दिया है कि बोरा किसी भी समय पुलिस के घेरे में आ जाएंगी। कुछ गिरफ्तारियां अपराध के तुरंत बाद होती हैं। लेकिन कुछ गिरफ्तारियों के लिए लंबे समय की जरूरत होती है और यह स्थिति पर निर्भर करता है। हालांकि, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि कोई भी बहुत लंबे समय तक पुलिस की गिरफ्तारी से बच नहीं सकता। बता दें कि बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के बाद सुमी बोरा तुरंत पुलिस की नजर में आ गईं। पुलिस गुवाहाटी के पठार क्वारी इलाके में उनके अपार्टमेंट में गई।

# भाजपा ने की ममता बनर्जी के इस्तीफे गिरफ्तारी और पॉलीग्राफ टेस्ट की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि भारत के लोकतंत्र का सिर शर्म से झुक गया है और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के बाद वह पूछना चाहेंगे कि क्या अब भी ममता बनर्जी अपने पद पर बने रहना चाहती हैं



भाटिया ने कहा कि अब निष्पक्ष जांच के लिए ममता बनर्जी को तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। ममता बनर्जी को सब कुछ पता था। वह अपराधियों को बचाने और सबूत को मिटाने में लिप्त थी, इसलिए उनका पॉलीग्राफ टेस्ट भी होना चाहिए और उन्हें गिरफ्तार भी किया जाना चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आए।

उन्होंने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को करीब दो घंटे सुनवाई चली। इस घटना से पूरे भारत के लोकतंत्र का सिर शर्म से झुक गया, लेकिन निर्ममता बनर्जी को शर्म नहीं आई। आज की सुनवाई में एक तरफ संविधान के रक्षक और दूसरी तरफ संविधान के भक्षक के बीच लड़ाई हो रही थी। उन्होंने पीड़िता के परिवार के साथ खड़ा होना सही नहीं समझा, वो रेपिस्ट के साथ खड़ी हो सकती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि हमारे डॉक्टरों और महिलाओं का विश्वास सरकार पर बना रहना चाहिए, आप उनको सुरक्षा प्रदान करिए। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ममता बनर्जी पर है। अब वो क्या करेंगी, ये एक बड़ा सवाल है।

उन्होंने कोलकाता के कमिश्नर विनीत गोयल को भी पद से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कोलकाता के कमिश्नर विनीत गोयल एवं आरजी कर मेडिकल कॉलेज के उस समय के प्रिंसिपल रहे डॉ. संदीप घोष के बीच हुई बातचीत के कॉल रिकॉर्ड को भी सार्वजनिक करने की मांग की। भाजपा प्रवक्ता ने एफआईआर दर्ज करने में 14 घंटे की देरी, आनन-फानन में उसी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने, सिर्फ 27 मिनट का सीसीटीवी फुटेज देने और पीड़िता के पिता के आरोपों को लेकर भी ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा।

राहुल गांधी के बयानों को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी एक अपरिपक्व और पार्ट टाइम नेता हैं, ये सब जानते हैं। लेकिन, विपक्ष के नेता बनने के बाद एक बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधों पर जनता ने दी है। लेकिन, आज यह कहते हुए दुख हो रहा है कि राहुल गांधी भारत के लोकतंत्र में काला धब्बा हैं। उनको यह भी नहीं पता है कि विदेशी भूमि पर जाकर क्या बात करनी है। जिस संविधान को पकड़कर वह घूमते हैं, उस संविधान को उन्होंने कभी पढ़ा ही नहीं है। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी चीन के खिलाफ एक शब्द, एक वक्तव्य नहीं दे पाए, लेकिन वह भारत को कमजोर बताते हैं और भारतीय सेना के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चीन के साथ जो एमओयू साइन किया था, उसी की शर्तों के तहत राहुल गांधी भारत के लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए इस तरह का बयान दे रहे हैं और अगर ऐसा नहीं है तो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को चीन के साथ किए गए उस एमओयू को सार्वजनिक करना चाहिए। टीएमसी के जवाहर सरकार के इस्तीफे को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जो कुछ भी हुआ है, उसे लेकर बंगाल की जनता में, देश की जनता में और टीएमसी के नेताओं में भी आक्रोश है। जवाहर सरकार टीएमसी के अकेले नेता नहीं हैं, जो दुखी हैं, बल्कि टीएमसी में कई और ऐसे नेता भी हैं, जो ममता बनर्जी द्वारा अपराधियों और बलात्कारियों को बचाने की वजह से बहुत दुखी हैं। आने वाले दिनों में इंसाफ के लिए टीएमसी भी टूट-फूट जाएगी। देश में लगातार हो रही ट्रेन दुर्घटनाओं के पीछे साजिश के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व में इतना सक्षम है कि जो साजिश करते हैं, उनको नेस्तनाबूद कर खत्म कर दिया जाता है। यह चिंताजनक है कि सत्ता पाने की लालच में कुछ लोग और संस्थाएं देश में दंगा और अराजकता फैलाना चाहते हैं। इन पर कार्रवाई हो रही है और आगे भी होती रहेगी। विपक्षी दलों से यह सवाल बनता है कि मोहब्बत की दुकान की बात करने वाले ये लोग साजिश करने वालों के साथ क्यों खड़े हैं। उन्होंने जाकिर नाइक के बयान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## हरियाणा विस चुनाव: इस बार रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत दर्ज करेंगे, टिकट मिलने के बाद बोले मोहम्मद इलियास



**पुनहाना, एजेंसी।** पुनहाना विधानसभा से दो बार मंत्री और मौजूदा विधायक मोहम्मद इलियास को कांग्रेस पार्टी ने फिर से टिकट दिया है। इस निर्णय के बाद, मेवात में उनका भव्य स्वागत किया गया। रोजका मेव से पुनहाना तक जनता ने फूलमालाओं और पगड़ी बांधकर उनका अभिनंदन किया। कांग्रेस पार्टी की पहली सूची में 32 सीटों की घोषणा हुई थी, जिसमें मेवात की तीनों सीटों पर प्रत्याशियों को टिकट दिया गया था। नूह से मौजूदा विधायक आफताब अहमद, पुनहाना से मोहम्मद इलियास और फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर को पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है।

**मोहम्मद इलियास का स्वागत :** पुनहाना विधानसभा से टिकट मिलने के बाद मोहम्मद इलियास पहली बार मेवात पहुंचे। हजारों गाड़ियों के काफिले और समर्थकों के साथ रोजका मेव बॉर्डर पर पहुंचने पर जनता ने उनका भव्य स्वागत किया। रोड शो में उमड़े जनसैलाब ने जगह-जगह फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। मोहम्मद इलियास ने कहा, पुनहाना की जनता द्वारा दिए गए प्यार और सम्मान का हमेशा आभारी रहूंगा। उन्होंने जनता के समर्थन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह क्षेत्र की सभी मांगों को पूरा करने का काम करेंगे। मोहम्मद इलियास ने बताया कि उनके चुनावी मुद्दे शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं को रोजगार और क्षेत्र का विकास कराना होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में उन्होंने अपने क्षेत्र में कई विकासशील योजनाओं को अमली जामा पहनाया है और आगे भी यह काम जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार वह रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, इस बार वह रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत दर्ज करने जा रहे हैं जिसमें क्षेत्र की सभी जनता उनके साथ है।

## अमित शाह फिर बने राजभाषा पर संसदीय समिति के अध्यक्ष, सर्वसम्मति से चुने गए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आधिकारिक भाषा पर संसदीय समिति के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सर्वसम्मति से इस समिति का अध्यक्ष चुना गया है। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद संसदीय राजभाषा समिति के पुनर्गठन के लिए सोमवार को समिति की बैठक हुई। जिसमें समिति के अध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसको लेकर गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सोमवार को एक बयान में कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सर्वसम्मति से आधिकारिक भाषा पर संसदीय समिति के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है।

संसदीय भाषा समिति का अध्यक्ष पद के लिए जीत के बाद शाह आभार व्यवक्त किया। इस मौके पर अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, पिछले 75 वर्षों से हम राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसकी पद्धति में थोड़ा बदलाव आया है. उन्होंने कहा कि केएम मुंशी और एनजी अयंगर ने कई लोगों से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया था कि हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार करने और सरकारी कामकाज में इसे बढ़ावा देने के लिए हिंदी को किसी भी स्थानीय भाषा से प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, राजनीति में सेवानिवृत्ति की कोई उम्र नहीं होनी चाहिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजनीतिक सेवा की स्थायी प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि राजनीति में कोई सेवानिवृत्ति नहीं होती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे के संस्मरण, फाइव डेकेड्स इन पॉलिटिक्स के लॉन्च पर बोलते हुए, खड़गे ने राजनेताओं को लोगों और देश के लिए अपनी अंतिम सांस तक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**राजनीति में कोई सेवानिवृत्ति नहीं: खड़गे :** राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में खड़गे ने 83 वर्षीय शिंदे को संबोधित करते हुए उनसे खुद को सेवानिवृत्त मानने से मना किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और उसके विचारों को फैलाने में शिंदे की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। आप सिर्फ 82-83 साल के हैं.. मोरारजी देसाई को देखें। मेरा मानना है कि राजनीति में किसी को भी सेवानिवृत्त नहीं होना चाहिए, खड़गे ने कहा। मोरारजी देसाई 1977 में 81 साल की उम्र में भारत के सबसे बुजुर्ग प्रधानमंत्री बने। राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक काम मंत्री पदों के लिए नहीं बल्कि उन लोगों और पार्टी के लिए एक वापसी उपहार के रूप में किया जाना चाहिए जिन्होंने उन्हें पोषित किया। जो कुछ भी सीखा या हासिल किया है, आखिरकार आपको लोगों को वापस करना होगा, खड़गे ने आगे कहा, उम्मीद व्यक्त की कि शिंदे पार्टी में योगदान देना जारी रखेंगे जहाँ उन्होंने पांच दशक का विशिष्ट



करियर बनाया। शिंदे कई उच्च पदों पर रहे हैं, जिनमें 2003 से 2004 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, 2012 से 2014 तक केंद्रीय गृह मंत्री, 2004 से 2006 तक आंध्र प्रदेश के राज्यपाल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और यूपीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार शामिल हैं। खड़गे ने शिंदे की सकारात्मक प्रकृति और शांत दक्षता की प्रशंसा की। वह अपने काम के बारे में हमेशा अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ जाते थे और चुपचाप अपना काम करते थे, इसके बारे में धूमधाम नहीं करते थे, खड़गे ने कहा। धैर्य और सकारात्मकता के गुण खड़गे ने शिंदे के धैर्य की तुलना अपने स्वभाव से की। उनमें अद्भुत धैर्य था। जब मैं कहीं भी अन्याय देखता हूं तो मैं बहुत जल्दी गुस्सा हो जाता हूं। लेकिन वह नहीं; शिंदे जी हमेशा मुस्कुराते रहते हैं, उन्होंने कहा। शिंदे ने कांग्रेस पार्टी, विशेष रूप से दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। सोनिया गांधी ने मेरे लिए जो कुछ भी किया, उसके लिए मेरे पास धन्यवाद कहने के शब्द नहीं हैं, शिंदे ने कहा।

उन्होंने महाराष्ट्र में एक अनुसूचित जाति के मुख्यमंत्री नियुक्त करने के सोनिया गांधी के फैसले को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। केवल सोनिया जी जैसी ही कोई ऐसा कर सकती है।

## नवजोत सिद्धू की राजनीति में वापसी की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवजोत सिद्धू, जो कि क्रिकेट, कमेंट्री और राजनीति के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बना चुके हैं, एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो शेयर किए हैं, जो यह संकेत देते हैं कि वे राजनीति में वापसी करने की तैयारी में हैं। सिद्धू की ये गतिविधियां सियासत में नई हलचल पैदा कर रही हैं और उनके लौटने की संभावनाओं पर चर्चा तेज हो गई है।

**नवजोत सिद्धू की वापसी की चर्चा :** नवजोत सिद्धू, जिन्होंने अपनी क्रिकेट और कमेंट्री करियर के साथ-साथ राजनीति में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लंबे समय से सक्रिय राजनीति से दूर थे। लेकिन उनके हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने यह संकेत दिया है कि वे एक बार फिर राजनीतिक मंच पर लौट सकते हैं। सिद्धू ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पिछले तीन दिनों में दो विशेष वीडियो शेयर किए हैं। इन वीडियो में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय रखी है, जो उनकी राजनीति में वापसी की योजना की ओर इशारा करती है।



**वीडियो में क्या है खास :** सिद्धू के इन वीडियो में उनके अंदाज और बातचीत का तरीका यह दर्शाता है कि वे फिर से सक्रिय राजनीति में आना चाहते हैं। वीडियो में उन्होंने समाज और राजनीति से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए हैं। उनके इन पोस्ट्स ने यह संकेत दिया है कि वे आगामी चुनावों या राजनीतिक गतिविधियों के लिए तैयार हो रहे हैं। सिद्धू की वापसी की संभावना ने न केवल उनके समर्थकों बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों के बीच भी दिलचस्पी बढ़ा दी है। राजनीतिक परिदृश्य पर प्रभाव अगर नवजोत सिद्धू राजनीति में वापसी करते हैं, तो इसका बड़ा असर देश और खासकर पंजाब की राजनीति पर पड़ सकता है। सिद्धू की लोकप्रियता और उनके पास मौजूद व्यापक फॉलोइंग से कांग्रेस पार्टी को काफी लाभ हो सकता है। उनकी वापसी से पार्टी को न केवल पंजाब में बल्कि पूरे देश में एक नई ऊर्जा और जन समर्थन मिल सकता है। यह भी संभव है कि उनकी वापसी से कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक स्थिति मजबूत हो और पार्टी को आगामी चुनावों में फायदा हो। सिद्धू का राजनीतिक करियर नवजोत सिद्धू ने पंजाब में कैबिनेट मंत्री के रूप में काम किया है और उनकी सख्त और प्रभावशाली राजनीति की शैली ने उन्हें एक महत्वपूर्ण नेता बना दिया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए और उनकी कार्यशैली ने उन्हें विवादित लेकिन प्रभावशाली बना दिया। उनकी संभावित वापसी से राजनीतिक परिदृश्य में नई हलचल देखने को मिल सकती है। राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज नवजोत सिद्धू की संभावित वापसी को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। उनके सोशल मीडिया पर बढ़ती सक्रियता और उनकी वीडियो पोस्ट्स इस बात का संकेत हो सकती हैं कि वे अपने राजनीतिक करियर को फिर से सक्रिय करने की योजना बना रहे हैं। उनकी वापसी से सियासत में नई ऊर्जा और संभावित बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## एचपी और पैजेट भारत में लैपटॉप, पीसी का करेंगी निर्माण : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को घोषणा की कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रमुख कंपनियों एचपी इंक और पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स ने तमिलनाडु की एक फैक्ट्री में एचपी लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और ऑल-इन-वन पीसी बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए एक बड़ी सफलता है। मंत्री ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण 10 लाख करोड़ रुपये (2014 में 2.4 लाख करोड़ रुपये से) को पार कर गया है। इसमें 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। आईटी हार्डवेयर योजना के लिए पीएलआई के कारण, भारत प्रमुख आईटी हार्डवेयर ब्रांडों के लिए विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरा है। घरेलू डिक्सन टेक्नोलॉजीज की सहायक कंपनी पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ समझौते के तहत एचपी उपकरणों का उत्पादन अगले साल जनवरी से शुरू होने वाला है और चेन्नई के एक औद्योगिक उपनगर ओरागदम में उत्पादन सुविधा शुरू होने के बाद अगले दो वर्षों में प्रति वर्ष 20 लाख इकाइयों तक पहुंचने का अनुमान है। मंत्री वैष्णव ने कहा कि, इससे 1,500 से



ज्यादा प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी और पैजेट धीरे-धीरे घटकों, मॉड्यूल और बाह्य उपकरणों के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ाएगा, इससे ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी। देश में बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के बीच वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड भारत स्थित निर्माताओं के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में आईटी हार्डवेयर क्षेत्र अभी भी प्रारंभिक चरण में है और डेल, एचपी, एएसयूएस, लेनोवो और एस्सार जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों को देश को अपना विनिर्माण केंद्र बनाने में सुरक्षित महसूस कराना एक महत्वपूर्ण कारक होगा। आईटी हार्डवेयर योजना के लिए संशोधित पीएलआई 2.0, 17,000 करोड़ रुपये के बढ़े हुए बजटीय परिव्यय और छह साल तक विस्तारित अवधि के साथ, 3,35,000 करोड़ रुपये का वृद्धिशील उत्पादन उत्पन्न करने की उम्मीद है।

## जीएसटी काउंसिल ने रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी ना लगाने का फ़ैसला लिया है, यह देश के विकास के लिए एक बड़ा कदम है : वित्त मंत्री आतिशी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 54वें जीएसटी काउंसिल बैठक में केजरीवाल सरकार के विरोध के बाद अब रिसर्च ग्रांट को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी की दिल्ली व पंजाब सरकार के जीएसटी काउंसिल में विरोध पर केंद्र सरकार रिसर्च ग्रांट को जीएसटी के दायरे से बाहर करने के लिए राज़ी हो गई है।

इस बाबत साझा करते हुए वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, जीएसटी काउंसिल ने रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी ना लगाने का फ़ैसला लिया है, यह देश के विकास के लिए एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि, शिक्षण संस्थानों के रिसर्च ग्रांट पर टैक्स लगना टैक्स टेररिज्म के समान है। लेकिन आम आदमी पार्टी के विरोध के बाद रिसर्च ग्रांट को जीएसटी के दायरे से बाहर करने का फ़ैसला रिसर्च के ज़रिए देश की तरक़्क़ी में योगदान देने वाले हमारे शैक्षिक संस्थाओं के लिए बहुत बड़ा फ़ैसला साबित होगा।

वित्त मंत्री आतिशी ने ट्वीट करते हुए भी कहा कि, आम आदमी पार्टी ने लगातार रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी का विरोध किया। आज जीएसटी काउंसिल की बैठक में दिल्ली और पंजाब सरकार ने इस मुद्दे को उठाया कि शिक्षण संस्थानों को मिली रिसर्च ग्रांट - चाहे वो सरकारी ग्रांट हो या प्राइवेट - पर जीएसटी नहीं लगना चाहिए। मुझे ख़ुशी है कि आज जीएसटी काउंसिल ने रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी ना लगाने का फ़ैसला लिया है। यह देश के विकास के लिए



एक बड़ा कदम है।

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, आज जीएसटी काउंसिल की 54वीं बैठक में दिल्ली और पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने शैक्षिक संस्थानों को मिलने वाले रिसर्च ग्रांट पर लगने वाले जीएसटी का पुरज़ोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि, शिक्षण संस्थानों के रिसर्च ग्रांट पर टैक्स लगना टैक्स टेररिज्म के समान है। और हमें इस बात की ख़ुशी है कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और बाक़ी राज्य सरकारों की सहमति बनी।

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, जो मुद्दा बार बार दिल्ली सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार उठा रही थी कि, रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी नहीं लगना चाहिए उसपर आज जीएसटी काउंसिल ने निर्णय लिया है कि अब किसी शैक्षिक संस्थान को मिलन वाले रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी नहीं लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि, ये रिसर्च के ज़रिए देश की तरक़्क़ी में योगदान देने वाले हमारे शैक्षिक संस्थाओं के लिए बहुत बड़ा फ़ैसला है।

बता दे कि, शिक्षण संस्थानों को मिलने वाले प्राइवेट रिसर्च ग्रांट पर केंद्र सरकार 18त्र जीएसटी लेती है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने देश के 6 बड़े शिक्षण संस्थानों को रिसर्च ग्रांट पर 220 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस भेजा था।दुनिया में कोई भी ऐसा देश नहीं है जो रिसर्च पर जीएसटी लगाती है। ऐसे में आम आदमी पार्टी की दिल्ली और पंजाब सरकार ने इसका पुरज़ोर विरोध किया और नतीजतन आज जीएसटी काउंसिल की बैठक में केंद्र सरकार ने रिसर्च ग्रांट को जीएसटी के दायरे से हटाने का फ़ैसला लिया है।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर जिला कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों के टीएल, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा विभागवार क्रियान्वित योजनाओं में लक्षित हितग्राहियों को समय सीमा में लाभांवित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को समय पर पेंशन प्रदान करने के लिए नगरीय निकायवार समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की देरी पर नगरीय निकाय के सीएमओ जिम्मेदार होंगे। सीएमओ को नगरीय निकाय क्षेत्र में कबाड़ बीनने वाले लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सर्वे कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी लक्ष्य निर्धारण कर लंबित प्रकरणों का समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गत दिवस संपन्न हुए राजस्व महाअभियान 2.0 अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा व रिकार्ड सुधार के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया है, लेकिन तरमीम व समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति कम होने पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। समग्र ई-केवायसी कार्य उपरांत खसरा लिंकेज का कार्य किया जाएगा।

इस कार्य में पटवारी की भांति सचिव व रोजगार सहायक को भी पाबंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी ई-केवायसी कार्य के दैनिक और साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करें।

कलेक्टर श्री कुमार ने शिक्षा विभाग अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृति के विरूद्ध कम संख्या में वितरण पर नाराजगी जताई और संबंधित की वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी देते हुए नोडल अधिकारी से नियमित रूप से प्रगति की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारी को दिए। इसी तरह प्रतिमाह निर्धारित तीन दिवसों में अधिकाधिक हितग्राहियों को राशन वितरण सुनिश्चित कराने, भू अर्जन संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम में विभागवार नागरिक सेवाओं के समय पर प्रदाय, आवारा गौवंश के व्यवस्थापन और नगरीय क्षेत्र में हांका लगाकर गौवंश को सड़क से हटवाने सहित लोकसभा निर्वाचन में नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों का पुनः भ्रमण कर आवश्यक रिपोर्ट से अविलंब अवगत कराने सहित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। अधिकारियों को स्कूल, छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्र, उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के संबंध में भी निर्देशित किया गया। सागर में 27 सितम्बर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की जिला स्तर पर तैयारी, आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा में गतिविधियों के आयोजन सहित अन्य अंतर्विभागीय समन्वय के मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना संजय कुमार नागवंशी द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अंतर्गत गत 02 सितम्बर से प्रारंभ डोर टू डोर मतदाता सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर 16 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही दो दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा कार्य में अविलंब प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया है अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बीएलओ संजीव सिंह मरावी, अरविन्द रैकवार, धर्मेन्द्र कुमार संसिया, प्रह्लाद कुमार साहू, कमल विश्वकर्मा, भगवानदास सोनी, चन्द्रपाल सिंह, शिवपाल सिंह, महेश कुमार यादव, रामलाल पटेल, इन्द्र सिंह यादव, जय किशोर विश्वकर्मा, जय पाल सिंह, असित दास, शिवराज सिंह और बलराम पटैरिया को कार्य में लापरवाही पर नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

# प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई प्रि-सिटिंग बैठक

पन्ना



आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए आज जिला न्यायालय के व्हीसी कक्ष में प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. आर्य की अध्यक्षता में बीमा कम्पनी एवं आवेदकों के अभिभाषकों के मध्य प्रि-सिटिंग बैठक हुई। इस मौके पर जिला न्यायाधीश सह सचिव हरप्रसाद बंशकार भी उपस्थित रहे।

प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बीमा कम्पनी के अभिभाषकगण से सालसा द्वारा प्रतिकर राशि के संबंध में जारी नवीन गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई गई। साथ ही जरूरी प्रस्ताव भी तैयार कराया गया। बीमा कम्पनी से सहमति प्राप्त होते ही सहमति वाले प्रकरणों में लोक अदालत दिवस पर आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी तरह जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव द्वारा विद्युत विभाग के विद्युत प्रकरणों और नगर पालिका में जल कर एवं संपत्ति कर के प्रकरणों में राजीनामा करने पर राज्य शासन द्वारा दी गई छूट, राजीनामा व मीडिएशन के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करवाने पर न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त होने के बारे में बताया गया।

बैठक में जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद एवं इंद्रजीत रघवुंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित बड़के, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, बीमा कम्पनी के अभिभाषक एम.एल. अवस्थी, दीपक उपाध्याय, आवेदक अधिवक्ता नरेन्द्र श्रीवास्तव, अमित सेन, ए.के. तिवारी, दिलीप चौरसिया, मोहम्मद असलम खान, बृजभान सिंह यादव, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, आर.एस. त्रिपाठी, पवन शुक्ला, राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

## लंबित सीएम हेलपलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने संचालक सीएम हेल्पलाइन भोपाल के निर्देशानुसार समस्त कार्यालय प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूर्व में भी लंबित शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

राज्य स्तर पर लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि पोर्टल पर लंबित शिकायतों को सही विभाग को मैपिंग करने के बावजूद कई विभागीय अधिकारियों द्वारा बार-बार शिकायतों को कार्य क्षेत्र से बाहर करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा एल-1 स्तर पर शिकायत अटेण्ड नहीं करना भी पाया गया। इससे शिकायतें उच्च स्तर पर प्रेषित हो रही हैं। विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि उपरोक्त स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब किया जाकर लंबित रखा जा रहा है। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को एक से अधिक बार कार्य क्षेत्र से बाहर न करने तथा शिकायतों के नॉट अटेण्ड की स्थिति निर्मित न होने सहित लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन 11 सितम्बर को

**पन्ना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर में सितम्बर माह में भी 11 तारीख को मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसका समय सुबह 11.30 बजे से निधारित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर रामविशाल यादव ने समस्याओं के निराकरण के लिए पन्ना जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितजनों से भी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर वांछित दस्तावेजों के साथ शामिल होने का आग्रह किया है।

# लाड़ली बहनों को मिली सहायता राशि

पन्ना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सागर जिले के बीना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को 1250 रूपए के मान से सितम्बर माह की सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए बैंक खाते में अंतरित की। इस दौरान स्थानीय एनआईसी कक्ष में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। उपस्थितजनों ने मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को देखा और सुना। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय,



अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर और लाभार्थी बहनें उपस्थित रहीं। जिले की एक लाख 86 हजार से अधिक लाडली बहनों के बैंक खाते में 22 करोड़ 75 लाख से अधिक की 16वीं किस्त राशि पहुंची।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से एक अक्टूबर तक

**पन्ना।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आगामी 17 सितम्बर से एक अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इसके अलावा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस समारोह भी मनाया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने इस संबंध में शासन के दिशा निर्देश अनुरूप अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि बतौर सदस्य जिला पंचायत सीईओ, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन, नोडल अधिकारी जिला पर्यटन, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद और नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक सहित खेल अधिकारी को शामिल किया गया है। समिति को स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत निर्धारित थीम स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर की गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

# रैपुरा के आंगनबाडी केन्द्र की स्थिति बदहाल

### आंगनबाडी में सभी जगह टपक रहा छतों से पानी, न लाईट कनेक्शन न पेयजल व्यवस्था

**पन्ना।** कस्बे में स्थित आंगनबाडी केन्द्रों की स्थिति दयनीय है हालत यह है कि आंगनबाडी केन्द्रों में बिजली तक नहीं हैं न पंखे लगे हैं। पीने को पानी नहीं हैं जिससे पेयजल की व्यवस्था से दूरी से पानी लोकर ढोना पड रहा है। कई भवनों में बरसात का पानी टपकता है जहां बच्चे खड़े तक नहीं हो पाते। आंगनबाडी केन्द्र बालक शाला में जहां बच्चे बैठते हैं उस कमरे का छज्जा गिर गया है। गनीमत रही कि किसी बच्चे को हानि नहीं पहुंची लेकिन नीचे रखी थाली और बाल्टी टूट गई। बारिश में पानी भर जाता है तो बच्चों को घर जाना पड़ता है। इन सारी परेशानियों और आंगनबाडी केन्द्र की जर्जर स्थितियों को लेकर जब केन्द्र में मौजूद स्टॉफ से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि हमें पानी दूसरे परिसरों से लाना पडता है, लाईट नहीं है। वहीं इस दौरान केन्द्र में मात्र आठ बच्चे ही मौजूद मिले। आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 525 कन्या प्राथमिक विद्यालय में न तो पंखे है न बिजली की व्यवस्था है। यहां दस से पंद्रह बच्चे ही दर्ज है परंतु जब केन्द्र में देखा गया तो मात्र चार ही बच्चे मिले। आंगनबाडी केन्द्र हरिजन बस्ती में एक भी बच्चा नहीं मिला। सिर्फ दो रसोईया थीं। रसोई से पानी टपक रहा था। दीवालें जर्जर थीं। दो दीवारों में ज्वाईंट अलग हो गए थे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, परियोजना अधिकारी द्वारा बुलाई गई बैठक में गई थी। उन्होंने बताया कि केंद्र में सहायिका नहीं है इसलिए केंद्र में बच्चे नहीं आए। शाहनगर ब्लॉक की प्रभारी परियोजना अधिकारी राजकुमारी सिंह रैपुरा के एक आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यकर्ताओं की बैठक ले रही हैं। हमने वहां पहुंचे तो उन्होंने बताया कि हमारे पास इतना बजट नहीं हैं। केंद्रों की स्थिति के बार में बताया कि हमने विभाग को भेजा है। जब उनसे पूछा गया कि सीलिंग गिर रही है पीने को पानी नहीं है अपने निरीक्षण में क्या देखा तो उन्होंने इन सब स्थितियों के लिए कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दिया सिर्फ बजट और विभाग को लेख कर दिया है। केन्द्र क्रमांक 502 जमुनिया में आंगनबाडी केन्द्र में बिजली नहीं हैं। आशा कार्यकर्ता प्रभा यादव दिव्यांग है बताती हैं किसी तरह पानी की व्यवस्था बच्चों के लिए करते हैं।

**इनका कहना है**

*हमने लाइट कनेक्शन के लिए बिजली विभाग में पैसे जमा लिए हैं कनेक्शन करवायेंगे। जर्जर बिल्डिंगों से केंद्र हटाकर प्राइवेट बिल्डिंग में लगवाये जायेंगे।*

**ऊदल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना**

# राजेन्द्र नगर गोलीकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने लगभग दो सप्ताह पहले राजेन्द्र नगर में लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। गौरतलब है कि 23 अगस्त की दोपहर को राजेन्द्र नगर गली नंबर-9 में स्थित शारदा नर्सिंग होम के पास गोली चलने से हडकंप मच गया था, जिसमें अशोक सिंह चौहान 68 वर्ष, की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 125 और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 का अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। चौबीस घंटे के अंदर ही गोलीकांड के मुख्य आरोपी विभाष पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम चौबे 50 वर्ष, निवासी चौबेपुर, थाना चित्रकूट (हाल राजेन्द्र नगर गली नम्बर-1) को गिरफ्तार कर लाइसेंसी रिवाल्वर जब्त की गई थी, वहीं पूछताछ में आरोपी ने घटना में मनीष उर्फ चुन्नू पुत्र यज्ञदत्त शर्मा 37 वर्ष, निवासी कामतन, थाना चित्रकूट, के शामिल होने का खुलासा किया था, जिस पर सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर सोमवार सुबह चित्रकूट से मनीष को भी पकड़ लिया गया।

## कलेक्टर ने स्वीकृत की राहत राशि

**पन्ना।** जिला कलेक्टर द्वारा म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 एवं संशोधित नियम 2014 तथा अनुसूचित जाति-जनजाति योजना नियम 2016 अंतर्गत और विहित प्रावधान के तहत जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत राशि स्वीकृत की गई है। अनुसूचित जाति वर्ग के 40 उत्पीड़ितों को 22 लाख 75 हजार रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 13 उत्पीड़ितों को 7 लाख 25 हजार रूपए की राहत राशि स्वीकृत की है।

## लापरवाही के चलते खेल प्रतियोगिताओं से वंचित हो रहे खिलाड़ी

**पन्ना।** शिक्षा के साथ खेल को भी बढावा देते हुए शासन स्तर पर बेहतर खेल व्यवस्थाएं करने का दावा किया जाता है लेकिन शासन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही ही खिलाडियों के लिए मुश्किलें खडी कर देतें हैं। ताजा मामला जिले के अजयगढ क्षेत्र से जुडा है। यहां स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेण्डर के अनुसार शालेय खेलों का संपादन नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि इसी सत्र से शिक्षा विभाग द्वारा खिलाडियों की प्रोफाइल को ऑनलाइन किया गया है। जिसके चलते जिला स्तर पर किसी खिलाडी के चयन होने पर संबंधित संकुल को खिलाडी की प्रोफाइल को फार्वड करना होता है लेकिन वहीं संकुल प्राचार्य खिलाडियों की प्रोफाइल को फारवर्ड कर सकते हैं जिनका संपूर्ण अंशदान जमा हो। इस व्यवस्था के बाद जिले के कई संकुल प्राचार्यों ने अपने अंशदान की राशि जमा कर दी लेकिन अजयगढ सहित कुछ संकुल हैं जहां आज तक अंशदान जमा नहीं हो सका। क्रीडा अंशदान की राशि संकुल के पास उपलब्ध होने के बाद भी लापरवाही के चलते इसे जमा नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते खिलाडियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। बताया जाता है कि स्पोटर्स कलेंडर के अनुसार अभी तक फुटवाल जूनियर, टेबिल टेनिस, जूडो, खो-खो, रस्सी कूंद सहित कई खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हो चुकी हैं। इन प्रतियोगिता में जिले के सभी खिलाडियों ने हिस्सा लिया जिसमें अजयगढ क्षेत्र के भी कई खिलाडियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए हुआ। संकुल प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजयगढ द्वारा क्रीडा अंशदान की राशि जमा न करने के चलते क्षेत्र के खिलाडियों की प्रोफाइल फारवर्ड नहीं की गई जिसके चलते कई खिलाडी खेल प्रतियोगिताओं से वंचित हो गए। इन खिलाडियों में शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत खिलाडियों के साथ प्राईवेट स्कूलों के खिलाडियों को भी लापरवाही का खामियाजा उठाना पड रहा है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से जिले में बनेगें 5522 आवास

### डेढ़ साल के इंतजार के बाद आया जिले के लिए नया लक्ष्य

**पन्ना।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत पक्के आवास का लंबे समय से इंतजार कर रहे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतीक्षारत हितग्राहियों के लिए अच्छी खबर है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 का लक्ष्य जारी कर दिया गया है जिसमें पन्ना जिले को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5522 आवासों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के आवास का लक्ष्य वर्ष 2022-23 में आवंटित हुआ था और इस बीच विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासो के लक्ष्यों की आंवटन की कार्यवाही प्रभावित हुई और लंबे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत पन्ना जिले को 5522 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है इस संबंध में ज्यादा जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघप्रिय ने बताया कि जिले को आवंटित कुल 5522 आवासो के लक्ष्य होने से अजयगढ जनपद पंचायत को 920 आवासों, गुनौर जनपद पंचायत को 913, पन्ना जनपद पंचायत को 1288, पवई जनपद पंचायत को 954, शाहनगर जनपद पंचायत को 1447 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

जिले के लिए लक्ष्य के प्राप्त होने के बाद आवास योजना के नियमों के अनुसार हितग्राहियों का सत्यापन करते हुए शीघ्र ही स्वीकृतियां जारी करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए है। अवगत हो कि पन्ना जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत कुल 92296 हितग्राहियों को अब तक लाभाविन्त किया जा चुका है। योजना प्रारंभ होने से जिले को आवंटित लक्ष्य के विरूद्ध 97 प्रतिशत आवासो का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए योजना के अंतर्गत प्रारंभ में एसईसीसी के डाटा के आधार पर पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत आवास योजना से लाभाविन्त किया गया और इसके बाद आवास योजना का विस्तार करते हुए पात्र हितग्राहियों का ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कर आवास पोर्टल ऐप में हितग्राहियों का नाम दर्ज किया गया और आवास पोर्टल ऐप में दर्ज हितग्राहियों को लाभाविन्त किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेश में लाडली बहना योजना विधानसभा चुनाव के पूर्व तैयार कर लागू की गई जिसके तहत महिलाओ को पहले 1 हजार रूपए की राशि हर माह और उसके बाद बढ़कर 1250 रूपए की राशि दी जा रही है। लाडली बहना योजना के लाभ में विस्तार करते हुए योजना की लाभर्थी बहिनों को उनके नाम पर गैस का कनेक्शन होने पर 450 रूपए में गैस सिलेन्डर प्रदाय करने की योजना बनाई गई इसके साथ ही साथ योजना में इजाफा करते हुए वे लाडली बहिनों जिनके पक्के आवास नही है उनके लिए लाडली बहना आवास योजना घोषित की गई और योजना के तहत हितग्राहियों का पंजीयन कर पोर्टल पर सूची तैयार की गई कहा जा रहा था कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के साथ लाडली बहना आवास योजना के हितग्राही महिलाओ को आवास स्वीकृत किए जाने की कार्यवाही की जायेगी किन्तु प्रदेश में भाजपा की बडी बहुमत के साथ सरकार बनाने वाली लाडली बहिनो के लिए फिरहाल आवास का कोई लक्ष्य नहीं आया है और लाडली बहिनो को आवास मिलने का अभी भी इंतजार करना होगा।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को लगभग 270 वर्गफिट का आवास निर्माण के लिए योजना से 1 लाख 20 हजार रूपए की राशि क्रमंशः चार किस्तो में 25 हजार, 40 हजार,40 हजार तथा 15 हजार रूपए उनके बैंक खाते में दी जाती है इसके साथ मनरेगा योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए 90 दिन की मनरेगा मजदूरी का भी भुगतान किया जाता है यदि हितग्राही ने पूर्व में शौचालय के निर्माण के लिए स्वच्छ भारत ग्रामीण योजना से 12 हजार रूपए की राशि शौंचालय निर्माण के लिए प्राप्त नहीं की है तो हितग्राही को शौचालय निर्माण के लिए भी 12 हजार रूपए की राशि प्राप्त होती है।

## परिसीमन आयोग करेगा सीमाओं का पुनर्निर्धारण

**पन्ना।** जनसामान्य की सुविधा और बेहतरी के उद्देश्य से जिले और संभाग की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जाएगा। मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, राज्य का क्षेत्रफल अधिक है परंतु जिला और संभागों की सीमाओं के कारण लोगों को कुछ परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। कई गांव ऐसे हैं जिनकी जिला मुख्यालय से दूरी बहुत अधिक है, इसी प्रकार कई संभाग बहुत छोटे हैं। इस प्रकार की सभी विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से नया परिसीमन आयोग गठित कर जिलों व संभागों के पुनरीक्षण का दायित्व सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव को सौंपा गया है। जनसामान्य से गांवों और जिलों की सीमाओं के पुनरीक्षण संबंधी सुझाव श्री श्रीवास्तव को उपलब्ध कराने की अपील की गई है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 11 सितम्बर 2024 | 8


**आनंद विभाग द्वारा कौटिल्य एकेडमी रीवा में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी प्रपंज आर ने प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद किया।**



# विंध्य क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर होगा रीवा एयरपोर्ट : उप मुख्यमंत्री

## रीवा एयरपोर्ट को मिला डीजीसीए से संचालन लाइसेंस

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विंध्य क्षेत्र के नागरिकों के लिए हवाई यात्रा का सपना जल्द ही साकार होने जा रहा है। रीवा एयरपोर्ट को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा संचालन लाइसेंस प्रदान किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रीवा एयरपोर्ट को आधिकारिक रूप से यात्री और मालवाहक विमानों की उड़ानों के संचालन की अनुमति प्राप्त हो गयी है।

विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी -उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, साथ ही मध्यप्रदेश के आर्थिक विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस लाइसेंस के साथ, रीवा एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवाओं की शुरुआत होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का संचालन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी एक नई दिशा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र और पूरे मध्यप्रदेश के नागरिकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना है।




## रीवा एयरपोर्ट को डीजीसीए लाइसेंस पर मुख्यमंत्री को उप मुख्यमंत्री ने दी बधाई और व्यक्त किया आभार

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट को डीजीसीए लाइसेंस प्राप्ति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई दी और आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में सतना के प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजवर्गीय तथा रीवा के प्रभारी मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, साथ ही मध्यप्रदेश के आर्थिक विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस लाइसेंस के साथ, रीवा एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवाओं की शुरुआत होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का संचालन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी एक नई दिशा मिलेगी।

## मऊगंज में समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में 11 सितम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव विकास योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों तथा जिले के प्रभारी मंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सहायक कलेक्टर सोनाली देव कार्यमुक्त

**रीवा।** शासन द्वारा रीवा जिले में पदस्थ सहायक कलेक्टर सोनाली देव का स्थानांतरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया जिला मण्डला के लिए किया गया है। इसके परिपालन में सुश्री सोनाली देव को 10 सितम्बर को अपरान्ह नवीन पदस्थापना में पदभार ग्रहण के करने के लिए भारमुक्त कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री का 17 सितंबर को चाकघाट आगमन प्रस्तावित



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 17 सितंबर को त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट आगमन प्रस्तावित है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी परिसर चाकघाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने आयोजन स्थल में हेलीपैड निर्माण के साथ ही मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा की संभावना को देखते हुए मंच एवं आमजनता के लिए बनाये जाने वाले डोम को वाटरप्रूफ रखें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों के लिए अलग से टेन्ट लगाने तथा स्वच्छता मित्रों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर में व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मुख्य प्रवेश द्वार से आमजनों के प्रवेश सहित पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्थायें कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, सीईओ जनपद राहुल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायपुर कर्चुलियान में हैण्डपंप सुधार के लिए कर्मचारी तैनात

**रीवा।** बिगड़े हैण्डपंपों में सुधार के लिए रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में सेक्टरवार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस संबंध में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने बताया कि उलही कला रघुराजगढ़ में जेके पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9424354391, गुढ़ में राधिका तिवारी मोबाइल नम्बर 6263552665 तथा नर्रहा रघुराजगढ़ दिलीप शुक्ला मोबाइल नम्बर 9399830799 को तैनात किया गया है। इसी तरह बक्छेरा, गगहरा तथा मनकहरी क्षेत्र के लिए अर्पित द्विवेदी मोबाइल नम्बर 7697885502, इटौरा और सोनौरा क्षेत्र के लिए उग्रसेन पटेल मोबाइल नम्बर 9893759001 तथा पड़रा, लोहदवार क्षेत्र के लिए अशोक शर्मा 9302969562 को तैनात किया गया है। रायपुर कर्चुलियान में कार्यालय में यदुनाथ बौद्ध मोबाइल नम्बर 9229498445 तथा बरसैता क्षेत्र में वंशवर्धन पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9098655026 को तैनात किया गया है। तैनात कर्मचारियों को दिए गए मोबाइल नम्बर पर बिगड़े हैण्डपंप की सूचना देकर हैण्डपंपों का सुधार कराया जा सकता है।

## स्थानीय उप निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2024 अन्तर्गत नगर पालिक निगम रीवा, नगर परिषद सिरमौर एवं जिले के पंचायतों में होने वाले उप निर्वाचन के प्रेक्षण के लिए राजा सिंह परिहार, सेवानिवृत्त राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी को प्रेक्षक नियुक्त किया है। श्री परिहार का मोबाइल 9406621016 है। प्रेक्षक श्री परिहार जिले में द्वितीय चरण में 15 सितंबर तक उपस्थित रहकर स्वतंत्रत और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रेक्षक के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी : कमिश्नर

## एडमीशन में 45 से नीचे रैंक वालों की रुकेगी वेतनवृद्धि, 40 से नीचे वालों को नोटिस

**रीवा।** संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने शिक्षा विभाग के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास करें। शासकीय स्कूलों और छात्रावासों को इतना आकर्षक बनाएं कि उनमें प्रवेश के लिए बच्चे लालायित हों। शिक्षक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से जीवंत संपर्क रखें। बच्चे को सही शिक्षा मिले तो वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।



कमिश्नर ने कहा कि कक्षा एक में लक्ष्य के अनुसार बच्चों के प्रवेश की स्थिति संतोषजनक नहीं है। बच्चों के एडमीशन 30 सितम्बर तक पूरे किए जाने हैं। रीवा जिले में लक्ष्य के 62.2 प्रतिशत, सतना में 56.8 प्रतिशत, सिंगरौली में 63.5 प्रतिशत तथा सीधी में 53.21 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश कक्षा एक में हुआ है। सीधी जिले की रैंकिंग 49वीं तथा सिंगरौली की 43वीं रैंक है। कमिश्नर ने कहा कि विभिन्न मापदण्डों में प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में 45 से कम रैंक वाले अधिकारियों की वेतनवृद्धि रूकेगी। रैंक 40 से कम तो सभी को कारण बताओ नोटिस दें। हमें सौंपी गई जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाना है। शाला जाने योग्य हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं। इसमें समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र तथा अन्य बाधाओं को दूर करके सात दिवस में 75 प्रतिशत से अधिक की पूर्ति सुनिश्चित करें। टॉप टेन में आने वाले जिलों के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। कमिश्नर ने कहा कि छूटे हुए बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर संपर्क करें। वंचित तथा गरीब वर्ग के हर बच्चे का अनिवार्य रूप से प्रवेश सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की प्रकाश, पानी, भोजन, आवास, शौचालय, साफ-सफाई, पठन-पाठन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन दें। छात्रावास में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हर माह छात्रावास के विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जाँच कराएं।

# लक्ष्य पर केन्द्रित रहें और स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं : सहायक कलेक्टर

**रीवा।** आनंद विभाग द्वारा कौटिल्य एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी प्रपंज आर ने प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद किया। सहायक कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहे तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाए। हमें अपने जीवन में ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए जो स्वयं को और दूसरों को आनंदित कर सकें। प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न की जानकारी लेकर उसके अनुरूप टाइम टेबल बनाएं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार और दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी करें। मन में किसी भी तरह का तनाव और निराशा को स्थान न बनाने दें।

सहायक कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी को सलाह देने वाले बहुत से लोग होते हैं। हमें अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। केवल अनुभवी व्यक्तियों की ही सलाह लें। किसी भी विषय में निर्णय अपने विवेक से करें। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को बेहतर करने के लिए समूह चर्चा में भाग लें। आधुनिक सूचना संचार तकनीक का भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में पूरा उपयोग करें। लगातार अभ्यास और विषय के रिवीजन से अच्छी तैयारी होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में असफलता मिलने पर घबराएं नहीं। अधिक दृढ़ संकल्प के साथ अगली परीक्षा की तैयारी करें। सहायक कलेक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का रोचक तरीके से उत्तर दिया। कार्यक्रम में आनंद विभाग के नोडल अधिकारी तथा संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में आवेदन 30 सितंबर तक किये जा सकते हैं

**रीवा।** प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन करने की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गयी है। इससे पूर्व इस योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित थी। उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत बीड़ी एवं खदान श्रमिक बहुल्य क्षेत्रों में अध्ययनरत श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थान में संपर्क कर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं।

## वित्तीय अनियमितता करने वालों से होगी वसूली

**रीवा।** संचालनालय लोक शिक्षण द्वारा रीवा जिले के विभिन्न स्कूलों की ऑडिट की गई थी। ऑडिट प्रतिवेदन के अनुसार कई स्कूलों में गंभीर वित्तीय अनियमितता पाई गई। संबंधित प्रभारी प्राचार्यों द्वारा शासन के नियमों के विरूद्ध व्यय की गई राशि की वसूली की जाएगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने बताया कि वित्तीय अनियमितता करके व्यय की गई राशि वसूल करके कोषालय में जमा की जाएगी। विकासखण्ड जवा के शासकीय मॉडल उमावि के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार द्विवेदी से 17 लाख 28 हजार 606 रुपए की वसूली की जाएगी। श्री द्विवेदी वर्तमान में शासकीय हाईस्कूल जवा के प्राचार्य हैं। विकासखण्ड गंगेव के शासकीय हाईस्कूल कठेरी के तत्कालीन प्राचार्य श्रीलाल साकेत से 37924 रुपए तथा त्योंथर विकासखण्ड के शासकीय हाईस्कूल टंगहा के प्रभारी प्राचार्य मिठाईलाल से 9938 रुपए की वूसली की जाएगी। इसी विकासखण्ड में शासकीय हाईस्कूल अमिलिया पुर्वा के तत्कालीन प्राचार्य दिनकर प्रसाद पाण्डेय से एक लाख 97 हजार 141 रुपए की वसूली की जाएगी।

## संत रविदास योजना से 150 युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**रीवा।** अनुसूचित कल्याण विभाग जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। विभाग द्वारा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना से जिले के अनुसूचित जाति के 150 युवाओं को स्वरोजगार का अवसर दिया जाएगा। इस संबंध में अन्त्यावसायी सहकारी समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमपी पाठक ने बताया कि योजना के तहत एक लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक ऋण एवं अनुदान स्वरोजगार उद्यम की स्थापना के लिए दिया जाता है। इस योजना से खाद्य प्रसंस्करण कोल्ड स्टोरेज मिल्क प्रोसेसिंग, कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। सेवा के क्षेत्र में फुटकर व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय तथा अन्य दुकानों के लिए एक लाख से 25 लाख रुपए तक की राशि का प्रावधान है। श्री पाठक ने बताया कि अनुसूचित जाति के 18 से 45 आयु वर्ग के व्यक्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक न हो। आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा समग्र आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। योजना का क्रियान्वयन बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। हितग्राही को बैंकों द्वारा कार्यशील पूंजी और टर्म लोन पर सात वर्षों तक प्रतिवर्ष पाँच प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

## नेशनल लोक अदालत में 48 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 48 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 24 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 6 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 6 खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, औद्योगिक न्यायालय एवं श्रम न्यायालय की खण्डपीठों द्वारा भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्ड पीठ क्रमांक एक में द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री विक्रम सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 2 में जिला न्यायाधीश तृतीय जिला न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 3 में जिला न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 4 में जिला न्यायाधीश श्री केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 5 में जिला न्यायाधीश श्री आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 6 में जिला न्यायाधीश श्री प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 7 में जिला न्यायाधीश श्रीमती पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 8 जिला न्यायाधीश श्री दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 9 में जिला न्यायाधीश श्री संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 10 में जिला न्यायाधीश श्री शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 11 में जिला न्यायाधीश श्री संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 12 में जिला न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में जिला न्यायाधीश श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 14 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूपसिंह कनेल तथा खण्डपीठ 15 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री देवदत्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। इसी प्रकार खण्डपीठ 16 में न्यायाधीश श्री अक्षत तयाल, खण्डपीठ 17 में न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश, खण्डपीठ 18 में न्यायाधीश श्री ललित कुमार मईड़ा, खण्डपीठ 19 में न्यायाधीश सुश्री अंजली अग्रवाल, खण्डपीठ 20 में न्यायाधीश श्री अमित सिंह धुर्वे, खण्डपीठ 21 में सुश्री अदिति अग्रवाल, खण्डपीठ 22 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री स्वाती रघुवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 23 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री दिलीप महोर, खण्डपीठ 24 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री सृष्टि चौरसिया सुनवाई करेंगी। जबकि प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री शिवकान्त खण्डपीठ क्रमांक 25 में, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 26 में, न्यायाधीश औद्योगिक न्यायालय श्री के.के. मिश्रा खण्डपीठ क्रमांक 27 में, न्यायाधीश श्रम न्यायालय श्री अमित नगायच खण्डपीठ क्रमांक 28 में प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। प्रथम जिला न्यायाधीश मऊगंज श्री संजीव कटारे खण्डपीठ क्रमांक 29 में, द्वितीय जिला न्यायाधीश मऊगंज हीरालाल अलावा खण्डपीठ क्रमांक 30 में, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज श्री साजिद मोहम्मद खण्डपीठ क्रमांक 31 में, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज श्रीमती गीता उईके खण्डपीठ क्रमांक 32 में, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज सुश्री ओसी जैन खण्डपीठ क्रमांक 34 में, खण्डपीठ क्रमांक 35 में जिला न्यायाधीश सिरमौर श्री संतोष चौहान, खण्डपीठ क्रमांक 36 में जिला न्यायाधीश सिरमौर अतिरिक्त श्री संजय वर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 37 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती नेहा रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 38 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर डॉ. श्री अल्तमश रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 39 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर श्रीमती भारती केशरी कश्यप, खण्डपीठ क्रमांक 40 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरमौर श्री अमित कुमार शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 41 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश त्योंथर श्री दयाराम कुमरे, खण्डपीठ क्रमांक 42 में अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र त्योंथर श्री कमलेश मीणा, खण्डपीठ क्रमांक 43 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर सुश्री वंदना सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 44 मे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती नीपू श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 45 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर श्रीमती मोहनी भदौरिया, खण्डपीठ क्रमांक 46 में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर श्री आशुतोष प्रताप सिंह, श्री विनोद कुमार चौधरी न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना खण्डपीठ क्रमांक 47 में तथा न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना श्रीमती कीर्ति दुबे खण्डपीठ क्रमांक 48 में प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833